




बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले मे प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 08 अगस्त 2026 | दिन - शनिवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 193 | मूल्य - 5 रुपये







● बालाघाट ● वारासिवनी ● कटंगी ● बैहर ● लांजी ● परसवाड़ा ● सिवनी ● बरघाट ● छपारा ● केवलारी ● गोंदिया - भंडारा ● आमगांव ● गोरेगांव ● सालेकसा ● देवरी ● तिरोड़ा












2 शनिवार 08 अगस्त 2026

जग प्रेरणा live शहर बालाघाट

● गर्रा ● भटेरा ● देवटोला ● आंवलाझरी ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई







# सख्त सुरक्षा के बीच एमपीपीएससी मुख्य परीक्षा आज 08 अगस्त से होगी प्रारंभ

## बिना वैध पहचान पत्र नहीं मिलेगा प्रवेश..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

*मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी), इंदौर द्वारा राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2025 का आयोजन 8 से 13 अगस्त 2026 तक प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक ऑफलाइन पद्धति से किया जाएगा। कलेक्टर कुमार सत्यम ने परीक्षा के सुचारु एवं निष्पक्ष संचालन के लिए*

सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। परीक्षा की निगरानी के लिए सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी डॉ. श्रीकांत पाण्डे को बालाघाट जिले का संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है, जबकि उनके सहयोग के लिए सहायक संचालक सी.एस. मरावी को लायजनिंग अधिकारी बनाया गया है। आयोग ने परीक्षा को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। अभ्यर्थियों को केवल वैध प्रवेश पत्र और आयोग द्वारा मान्य मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र के आधार पर ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा।

पहचान पत्र और प्रवेश पत्र पर अंकित फोटो का मिलान नहीं होने अथवा मूल पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर प्रवेश नहीं मिलेगा। जिन अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र पर फोटो या हस्ताक्षर स्पष्ट नहीं हैं, उन्हें प्रवेश पत्र पर फोटो चिपकाकर, उसके नीचे हस्ताक्षर कर केंद्राध्यक्ष से सत्यापित कराना होगा तथा अतिरिक्त फोटो और आवेदन रसीद की प्रति साथ लानी होगी। आयोग ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा केवल उसी केंद्र पर दी जा सकेगी, जिसका उल्लेख प्रवेश पत्र में है। जिन अभ्यर्थियों का नाम रोल लिस्ट में नहीं होगा या जिनके पास प्रवेश पत्र संबंधी समस्या होगी, उनके मामलों में आयोग के निर्धारित प्रावधानों के अनुसार ही कार्रवाई की जाएगी। वहीं प्रवेश पत्र और रोल लिस्ट दोनों में नाम नहीं होने पर किसी भी स्थिति में परीक्षा में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन, स्मार्ट या डिजिटल घड़ी, ब्लूटूथ, कैलकुलेटर, पेन ड्राइव, बैग, पर्स, बेल्ट, पेंसिल, रबर, व्हाइटनर, धूप का चश्मा तथा अन्य इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रतिबंधित सामग्री पूरी तरह वर्जित रहेगी। अभ्यर्थी केवल ई-प्रवेश पत्र, वैध पहचान पत्र, निर्धारित स्याही का पेन, आवश्यकता होने पर अपना फोटो, पारदर्शी पानी की बोतल तथा आयोग द्वारा अनुमत सामग्री ही साथ ला सकेंगे।

जूते-मोजे पहनकर परीक्षा कक्ष में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। हिजाब, पगड़ी, कलावा, ताबीज एवं अन्य धार्मिक प्रतीकों का सम्मानपूर्वक सूक्ष्म परीक्षण किया जाएगा।

# लोधी समाज की बैठक 9 को, वीरांगना रानी अवंतीबाई की जयंती और महिला संगठन शपथ ग्रहण पर होगी चर्चा

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

आगामी 16 अगस्त को देश की पहली क्रांतिकारी और लोधी समाज की आराध्य वीरांगना रानी अवंतीबाई की जन्म जयंती कार्यक्रम को लेकर लोधी समाज की बैठक कल 9 अगस्त को आयोजित की गई है। लोधी समाज जिलाध्यक्ष डॉ. अशोक लिल्हारे और महिला जिलाध्यक्ष शीला नगपुरे ने संयुक्त रूप से बताया कि समाज की बैठक, भटेरा चौकी के ट्रायपाड हॉस्पिटल, में दोपहर 1 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में प्रमुख रूप से विधायक अनुभा मुंजारे और राजकुमार कर्राहे मौजूद रहेंगे। बैठक में वीरांगना रानी अवंतीबाई की 16 अगस्त को मनाई जाने वाली जन्म जयंती और आगामी समय में होने वाले महिला संगठन के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर चर्चा की जाएगी। जिसमें जिले के समाज पदाधिकारी, स्वजातीय बंधु, महिला संगठन, युवा संगठनो के पदाधिकारियों से उपस्थिति की अपील कार्यवाहक अध्यक्ष सुकदेवमुनी कुतराहे ने की है।

# बालाघाट में 8 से 11 अगस्त तक हल्की बारिश के आसार

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

भारत मौसम विज्ञान विभाग, नई दिल्ली के क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल से प्राप्त पांच दिवसीय मध्यम श्रेणी मौसम पूर्वानुमान के अनुसार बालाघाट जिले में आगामी दिनों में मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। 8 से 11 अगस्त के बीच जिले में मध्यम बादल छाए रहने के साथ हल्की वर्षा होने तथा बिजली गिरने की संभावना जताई गई है। कृषि विज्ञान केन्द्रो बडग़ांव के वैज्ञानिक डॉ धर्मेन्द्र  अगासे ने बताया कि पूर्वानुमान के अनुसार इस दौरान आंधी-तूफान के साथ हवा की गति लगभग 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा रहने की संभावना है। वहीं 12 अगस्त को जिले में भारी बारिश होने की संभावना व्यक्त की गई है। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार आगामी अवधि में जिले में अधिकतम तापमान 28 से 29 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 22 से 23 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। सुबह के समय हवा में नमी 95 से 97 प्रतिशत तथा दोपहर में 75 से 80 प्रतिशत रहने का अनुमान है। आने वाले दिनों में हवा की गति लगभग 6 से 7 किलोमीटर प्रति घंटा रहने तथा हवा के दक्षिण दिशा से चलने की संभावना बताई गई है। मौसम विभाग ने बारिश एवं आंधी-तूफान की संभावना को देखते हुए किसानों एवं आम नागरिकों से मौसम की स्थिति के अनुसार आवश्यक सावधानी बरतने की अपील की है।

# रिकॉर्ड नॉट फाउंड की रिपोर्ट से खुली छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय की रिपोर्ट..

## भीम आर्मी स्टूडेंट्स फेडरेशन ने छात्र हित में सौंपा ज्ञापन, दी आंदोलन की चेतावनी..



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

*राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा द्वारा बीए, बीकॉम एवं बीएससी तृतीय वर्ष के परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने के बाद बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के परिणाम में रिकॉर्ड नॉट फाउंड प्रदर्शित होने से छात्र-छात्राओं में भारी नाराजगी है। इस समस्या को लेकर*

भीम आर्मी स्टूडेंट्स फेडरेशन के नेतृत्व में शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी महाविद्यालय बालाघाट के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन के नाम ज्ञापन सौंपते हुए शीघ्र समस्या का समाधान करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि 31 जुलाई 2026 को बीए, बीकॉम एवं बीएससी तृतीय वर्ष के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए थे, लेकिन बड़ी संख्या में विद्यार्थियों का परिणाम देखने पर रिकॉर्ड नॉट फाउंड दिखाई दे रहा है। इससे विद्यार्थी अपने परीक्षा परिणाम और भविष्य को लेकर गंभीर चिंता में हैं। छात्रों का कहना है कि वे लगातार महाविद्यालय और परीक्षा विभाग के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला है। उनका आरोप है कि महाविद्यालय प्रशासन भी इस समस्या की जिम्मेदारी लेने से बच रहा है, जिससे विद्यार्थियों की परेशानी और बढ़ गई है। भीम आर्मी स्टूडेंट्स फेडरेशन ने ज्ञापन में कहा है कि परिणाम में तकनीकी त्रुटि के कारण विद्यार्थियों के प्रवेश, उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं तथा रोजगार संबंधी प्रक्रियाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

फेडरेशन ने विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की है कि सभी प्रभावित विद्यार्थियों के परीक्षा परिणामों का तत्काल सत्यापन कर त्रुटि दूर की जाए तथा सही परिणाम जल्द से जल्द जारी किए जाएं। साथ ही विद्यार्थियों को स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराई जाए, ताकि उन्हें अनावश्यक रूप से महाविद्यालय और परीक्षा विभाग के चक्कर न लगाने पड़ें। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो छात्र-छात्राएं आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी।

# पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय बालाघाट में छात्र परिषद अलंकरण समारोह संपन्न..






**जगप्रेरणा बालाघाट।**

*पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय, बालाघाट में शुक्रवार प्रातः 8 बजे सत्र 2026-27 के लिए छात्र परिषद अलंकरण समारोह गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया।*

समारोह के मुख्य अतिथि श्री अनूप कुमार सिंह, सेकंड-इन-कमांड, 123 सीआरपीएफ बटालियन, भरवेली रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती फ़िरोज़ा खान (यूनेस्को सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता) तथा श्री नरेश धुवारे (अध्यक्ष, जिला एथलेटिक संघ, बालाघाट) उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य श्री अरूण कुमार तुमसरे ने सभी अतिथियों का हरित स्वागत (ग्रीन वेलकम) किया। कार्यक्रम का शुभारंभ नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों के स्वागत गीत से हुआ। पश्चात प्राचार्य श्री तुमसरे ने छात्र नेतृत्व, अनुशासन, उत्तरदायित्व एवं सेवा भावना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए नव-निर्वाचित छात्र परिषद को शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि छात्र परिषद विद्यालय की अनुशासन व्यवस्था एवं विभिन्न गतिविधियों के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। समारोह का मुख्य आकर्षण छात्र परिषद के सदस्यों का बैज एवं सेश अलंकरण रहा। मुख्य अतिथि श्री अनूप कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को अनुशासन, समयपालन, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रसेवा की भावना को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। वहीं विशिष्ट अतिथियों ने शिक्षा के साथ सामाजिक उत्तरदायित्व, पर्यावरण संरक्षण, लैंगिक समानता एवं मानवीय मूल्यों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक श्री श्रावण बोदेले के मार्गदर्शन में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने किया। अंत में शिक्षिका श्रीमती वीणा बागड़े ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। वंदे मातरम् के सामूहिक गायन एवं सामूहिक छायाचित्र के साथ समारोह का समापन हुआ।






# मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान 2026 का शुभारंभ बालाघाट से, संचालक लोक शिक्षण श्री डी. एस. कुशवाहा ने किया विद्यालयों का निरीक्षण



**जगप्रेरणा बालाघाट।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान 2026 के अंतर्गत लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल के संचालक श्री डी. एस. कुशवाहा ने आज बालाघाट जिले से अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने जिले के पीएम श्री कन्या विद्यालय बूढ़ी, सांदीपनी विद्यालय वारासिवनी तथा सांदीपनी विद्यालय बालाघाट का निरीक्षण कर शैक्षणिक एवं अधोसंरचनात्मक व्यवस्थाओं का विस्तृत अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान श्री कुशवाहा ने विद्यालयों की विज्ञान प्रयोगशालाओं, पुस्तकालयों, कक्षाओं में संचालित अध्यापन कार्य, विद्यार्थियों की शैक्षणिक गतिविधियों तथा उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने शिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन से चर्चा करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार आधारित शिक्षण तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश एवं सुझाव दिए। श्री कुशवाहा ने कहा कि पीएम श्री एवं सांदीपनी विद्यालयों की स्थापना का उद्देश्य विद्यार्थियों को उत्कृष्ट एवं आधुनिक शिक्षा के साथ बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है। उन्होंने इस उद्देश्य की प्रभावी पूर्ति के लिए विद्यालयों में उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने, प्रयोगात्मक शिक्षण को बढ़ावा देने, पुस्तकालय संस्कृति विकसित करने तथा प्रत्येक विद्यार्थी के समग्र विकास पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालयों में अनुशासन, स्वच्छता, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत संचालक श्री डी. एस. कुशवाहा का यह दौरा जिले में शैक्षणिक गुणवत्ता को नई दिशा प्रदान करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उनके द्वारा दिए गए सुझावों के प्रभावी क्रियान्वयन से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं अवसरपरक शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति होने की अपेक्षा है।







## आवश्यकता है..

*बालाघाट शहर के प्रसिद्ध गपशप रेस्टॉरेंट (केशर प्लाजा कॉम्पलेक्स, हनुमान चौक) में वेटर, हेल्पर की आवश्यकता है। संपर्क 9301210805, 7000671780*

## व्हाट्सअप पर प्रतिदिन खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

*बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरें प्राप्त करें।*


# रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट रॉयल द्वारा कुटुंब न्यायालय परिसर में किया गया वृक्षारोपण..



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

*पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण के उद्देश्य से रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट रॉयल द्वारा कुटुंब न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कुल 50 पौधों का रोपण किया गया, जिनमें 10 आम, 10 जामुन, 10 अमरूद, 5 कटहल, 10 देशी नीम*

एवं 5 नारियल के पौधे शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान सभी पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय श्री पद्मेश शाह ने कहा कि वृक्ष प्रकृति का अमूल्य उपहार हैं। पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। आज लगाया गया एक पौधा आने वाले वर्षों में अनेक लोगों को शुद्ध वायु, छाया एवं स्वस्थ वातावरण प्रदान करेगा। सभी को अपने जीवन में अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर उनकी देखभाल करनी चाहिए।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्राणेश कुमार प्राण ने अपने उद्बोधन में कहा कि जलवायु परिवर्तन और बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए वृक्षारोपण सबसे प्रभावी उपायों में से एक है। केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनका संरक्षण करना भी उतना ही आवश्यक है। यदि प्रत्येक व्यक्ति प्रतिवर्ष एक पौधा लगाकर उसका पालन-पोषण करे, तो पर्यावरण संरक्षण का लक्ष्य आसानी से प्राप्त किया जा सकता है।÷

रोटरी क्लब ऑफबालाघाट रॉयल के अध्यक्ष रोटे. अंकित अग्रवाल एवं सचिव एडवोकेट रोटे. विक्रम सिंह भूते ने संयुक्त रूप से कहा कि ÷रोटरी क्लब सदैव समाजहित एवं पर्यावरण संरक्षण के कार्यों के लिए समर्पित रहा है। वृक्षारोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। क्लब भविष्य में भी ऐसे सेवा एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा तथा लगाए गए पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभाएगा। कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय श्री पद्मेश शाह, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्राणेश कुमार प्राण, विशेष न्यायाधीश श्री रघुवीर पटेल, विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) श्री गौतम सिंह मरकाम, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश श्री दीप नारायण सिंह, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सुश्री तबस्सुम खान सहित अन्य न्यायाधीशगण, न्यायालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं रोटरी क्लब ऑफबालाघाट रॉयल की ओर से अध्यक्ष रोटे. अंकित अग्रवाल, सचिव एडवोकेट रोटे. विक्रम सिंह भूते, कोषाध्यक्ष रोटे. संतोष (गोल्डी) नाहर, पूर्व अध्यक्ष रोटे. संदीप असाटी, रोटे. सौरभ हरिनखेड़े, रोटे. राहुल तुरकर, रोटे. गौरव कोचर, रोटे. मुकुल राठौर, रोटे. राजेश गांधी एवं रोटे. आशीष साहू सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी अभियानों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा live जिला सिवनी
बरघाट, छपारा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, धनोरा एवं संपूर्ण सिवनी जिले की खबरें..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# सिवनी में 62 लोगों ने लिया देहदान का संकल्प, मेडिकल कॉलेज में भरे सहमति पत्र




जगप्रेरणा सिवनी।

***मानव सेवा और समाजहित की अनूठी मिसाल पेश करते हुए सिवनी जिले के आठों विकासखंडों से आए 62 लोगों ने शुक्रवार को शासकीय मेडिकल कॉलेज सिवनी पहुंचकर मृत्यु*** उपरांत देहदान करने का संकल्प लिया। सभी ने निर्धारित प्रक्रिया पूरी करते हुए देहदान की सहमति से संबंधित प्रपत्र मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. परवेज अहमद सिद्दकी को सौंपे।

देहदान का संकल्प लेने वाले लोगों ने बताया कि उन्हें इस पुनीत कार्य की प्रेरणा उनके गुरु संत रामपाल जी महाराज से मिली है। उनका कहना था कि कई बार अंगों की कमी या चिकित्सकीय अध्ययन के लिए पर्याप्त शव उपलब्ध नहीं होने के कारण मरीजों के उपचार और चिकित्सा शिक्षा में कठिनाइयां आती हैं।

ऐसे में मृत्यु के बाद अपने शरीर का दान कर वे मानवता की सेवा में योगदान देना चाहते हैं। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. परवेज अहमद सिद्दकी ने देहदान की पूरी प्रक्रिया, कानूनी औपचारिकताओं तथा इसके महत्व की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देहदान चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। मेडिकल छात्रों को मानव शरीर की संरचना का अध्ययन करने के लिए देहदान किए गए शवों की आवश्यकता होती है, जिससे भविष्य में बेहतर चिकित्सक तैयार किए जा सकते हैं। इसके साथ ही चिकित्सा अनुसंधान को भी नई दिशा मिलती है। डॉ. सिद्दकी ने देहदान का संकल्प लेने वाले सभी लोगों तथा उन्हें इस प्रकार की सामाजिक और मानवीय सोच के लिए प्रेरित करने वालों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाज में ऐसे जागरूकता अभियान लगातार चलते रहने चाहिए, ताकि अधिक से अधिक लोग देहदान और अंगदान जैसे महान कार्यों के लिए आगे आएं।

विशेषज्ञों के अनुसार देहदान और अंगदान दोनों ही मानव जीवन से जुड़े अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य हैं। जहां अंगदान से गंभीर रूप से बीमार मरीजों को नया जीवन मिल सकता है, वहीं देहदान चिकित्सा शिक्षा और वैज्ञानिक अनुसंधान को मजबूती प्रदान करता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समाज में इस विषय पर जागरूकता बढ़े तो चिकित्सा क्षेत्र को बड़ा लाभ मिलेगा और मानव सेवा का यह अभियान और अधिक व्यापक रूप ले सकेगा।

# तोते ने बचाई पूरे परिवार की जान, कोबरा के हमले में गंवाई अपनी जान..

## छपारा के देवरी कला गांव की घटना, समय रहते जागा परिवार, टला बड़ा हादसा..

जगप्रेरणा सिवनी।

***जिले के छपारा विकासखंड के ग्राम देवरी कला में एक पालतू तोते की सतर्कता ने पूरे परिवार की जान बचा ली। गुरुवार आधी रात घर में घुसे एक अत्यंत जहरीले इंडियन*** कोबरा (नाग) की मौजूदगी का आभास होते ही तोते ने जोर-जोर से शोर मचाना शुरू कर दिया। उसकी आवाज सुनकर परिवार की नींद खुली और जब उन्होंने देखा तो घर के भीतर रखे पिंजरे में कोबरा घुसा हुआ था। हालांकि तब तक सांप के डसने से तोते की मौत हो चुकी थी।

जानकारी के अनुसार छपारा नगर से लगभग तीन किलोमीटर दूर स्थित ग्राम देवरी कला में देवी मंदिर के सामने रहने वाले सुभाष पंचेश्वर का परिवार रोज की तरह रात में सो रहा था। इसी दौरान इंडियन कोबरा घर में घुस आया और तोते के पिंजरे तक पहुंच गया। खतरे को भांपकर तोते ने लगातार शोर मचाया, जिससे परिवार जाग गया और संभावित बड़े हादसे से बच गया।



घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में निःशुल्क सर्प मित्र के रूप में सेवा देने वाले शिवम मुड़िया मौके पर पहुंचे। उन्होंने सावधानी पूर्वक रेस्क्यू अभियान चलाकर कोबरा को पकड़ लिया और उसे सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया। घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने तोते की सतर्कता की सराहना करते हुए उसे परिवार का 'जीवन रक्षक' बताया।

विशेषज्ञों के अनुसार इंडियन कोबरा भारत के सबसे विषैले सांपों में से एक माना जाता है। इसका विष तंत्रिका तंत्र पर तेजी से असर करता है और समय पर उपचार न मिलने पर जानलेवा साबित हो सकता है। बरसात के मौसम में बिलों में पानी भर जाने के कारण सांप अक्सर सुरक्षित स्थान की तलाश में घरों और आंगनों तक पहुंच जाते हैं। ऐसे में घर के आसपास साफ-सफाई रखना, रात में दरवाजे और खिड़कियां बंद रखना तथा सांप दिखाई देने पर उसे मारने के बजाय प्रशिक्षित सर्प मित्र या वन विभाग को सूचना देना ही सबसे सुरक्षित उपाय है।

देवरी कला की यह घटना एक ओर जहां परिवार के लिए अपने प्रिय तोते को खोने का दुख लेकर आई, वहीं दूसरी ओर उसकी सतर्कता ने पूरे परिवार को एक बड़े हादसे से बचाकर मानव और पशु-पक्षियों के बीच आत्मीय संबंध का अनोखा उदाहरण भी पेश किया।

# कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों का 2 दिवसीय प्रशिक्षण हुआ प्रारंभ






जगप्रेरणा सिवनी।

***लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की मंशानुरूप अखिल भारतीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन सृजन के अन्तर्गत प्रत्येक*** जिलों में कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष, मंडलम अध्यक्ष एवं नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों का 2 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम एमएम अग्रोहा में प्रातः 9.25 बजे जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी की उपस्थिति में मुख्य प्रशिक्षक ललित सेन द्वारा पार्टी का ध्वजारोहण कर कांग्रेस सेवादल द्वारा सलामी दी गई एवं राष्ट्रगान से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में म.प्र.में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, म.प्र.कांग्रेस कमेटी के संगठन प्रभारी डॉ. संजय कामले एवं प्रमुख रूप से राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे, जिला प्रभारी परासिया विधायक सोहन वाल्मीक, लखनादौन विधायक योगेन्द्र सिंह बाबा, प्रदेश कांग्रेस सहप्रभारी प्रमिल मित्रा, प्रदेश महिला कांग्रेस श्रीमती आरिफा खान, म.प्र.कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता आनंद जाट, जुन्नारदेव विधानसभा के विधायक सुनील उइके, पूर्व विधायक अर्जुनसिंह काकोडिया, विधानसभा प्रभारी गुलाबसिंह उइके, अरूण पवार, देवेन्द्र पटेल, आजम खान की उपस्थिति में प्रशिक्षण शिविर 2 सत्रों में प्रारंभ हुआ। जिसमें उपस्थित प्रशिक्षको द्वारा संगठन सृजन की परिभाषा से अवगत कराया गया। प्रशिक्षको द्वारा बताया गया कि जिला कांग्रेस अध्यक्ष से लेकर संगठनमहासचिव, महासचिव, सचिव, प्रवक्ता, सोशल मीडिया, ब्लॉक कांग्रेस, नगर कांग्रेस अध्यक्ष, मंडलम अन्य पदाधिकारियों के साथ निरंतर समन्वय एवं संवाद बनाए रखे। यह संवाद पार्टी कार्यकर्ता एवं वरिष्ट नेताओं के बीच सेतु का कार्य करता है, संगठन का मुख्य कार्य राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय कार्यक्रमों को जिला स्तर एवं ब्लॉक स्तर पर सफलता पूर्वक लागू कराना है, धरना प्रदर्शन, जनसभा, रैली आदि कार्यक्रमों की योजना एवं प्रबंधन, सामाजिक एवं जनहित मुद्दों पर पार्टी की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना। संगठन में अनुशासन बनाए रखना एवं पार्टी नीतियों का पालन सुनिश्चित करना, आंतरिक विवादो का समाधान आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर प्रदेश कांग्रेस महासचिव राजा बघेल, विनोद वासनिक, जिला कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष राजकुमार खुराना, मो. असलम खान, प्रसन्नचंद मालू, टेकचंद बोपचे, मोहनसिंह चंदेल, जेपीएस तिवारी, अतुलचंद मालू, सुधीर जैन, सुरेन्द्र करोसिया, विष्णु करोसिया, ब्रजेशसिंह बघेल, मुकेश जैन, शिव सनोडिया, राजिक अकील, रंजीत यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राकेश सनोडिया, जिला पंचायत सदस्य घनश्याम सनोडिया, दुपेन्द्र अमूले, नितिन डहेरिया, श्रीमती चित्रा बिसेन, श्रीमती दुलारी कुमरे, सतीश सरयाम, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आदित्य मोन्टू भूरा, अनीक मोहम्मद खान, आजम दीवान अली, सेवादल अध्यक्ष मुबारक खान, शिवदीप डहेरिया, श्रीमती पवनरेखा रिनायत, श्रीमती शबनम खान, जाहिद खान, प्रकाश सूर्यवंशी, यशपाल भलावी, आनंद भगत, देवेन्द्र ठाकुर, राहुल उइके, दिलीप रक्सेल, रितिक राय, धनंजय सिंह, जयप्रकाशसिंह परिहार, प्रशिक्षण शिविर की व्यवस्था में सहयोगी रहे समस्त कांग्रेस पदाधिकारी, विनोद नामदेव, जोएब जकी अनवर,. ऋषभ ठाकुर, जिला कांग्रेस स्थायी सचिव उमाशंकर शरणागत सहित अनेक कांग्रेस जनों की उपस्थिति रही।

# कोतवाली पुलिस की कार्रवाई : कचहरी चौक में गुण्डागर्दी करने वाले 05 आरोपी गिरफ्तार..

## भेजे गए जेल, घटना में प्रयुक्त बेस बॉल का डंडा जप्त..



जगप्रेरणा सिवनी।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी अपराधों की रोकथाम के प्रति सख्त हैं एवं प्रभावी कार्रवाई हेतु निरंतर निर्देशित कर रहे हैं। उनके निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं **SDOP** सिवनी चंचलेश मरकाम के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस ने कचहरी चौक में पुरानी रंजीश के चलते गुण्डागर्दी करने वाले 05 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया है। दिनांक 05/04/2026 को प्रार्थी अंकित उइके, निवासी सी.वी. रमन वार्ड सिवनी ने थाना कोतवाली आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि मन्नू उर्फअरुण नाविक, यश रजक, अनुज नामदेव, राजा उर्फकचरा उर्फ पुरुषोत्तम गौर एवं आयुष नामदेव ने पुरानी रंजीश के चलते प्रार्थी एवं उसके साथी उमर व मोहित के साथ गाली-गलौच की। मना करने पर उक्त आरोपियों ने बेस बॉल के डंडे से मारपीट की एवं जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए जान से मारने की धमकी दी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली सिवनी में अपराध क्रमांक 266/2026 धारा 191(2), 191(3), 118(1), 351(2) **BNS** एवं 3(1)(द), 3(1)(ध), 3(2) **(V-A) SC/ST** एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना की गई। विवेचना उपरांत दिनांक 05/08/2026 को कोतवाली पुलिस टीम ने सभी 05 आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से माननीय न्यायालय द्वारा सभी को न्यायिक हिरासत में जिला जेल सिवनी दाखिल किया गया है।

### गिरफ्तार आरोपी..

मन्नू उर्फ अरुण नाविक पिता राजेश नाविक, उम्र 36 वर्ष, निवासी गणेश चौक, महावीर वार्ड सिवनी, यश रजक पिता अरविन्द रजक, उम्र 19 वर्ष, निवासी धोबी मोहल्ला, महावीर वार्ड सिवनी, अनुज नामदेव पिता देवेन्द्र नामदेव, उम्र 25 वर्ष, निवासी गणेश चौक, महावीर वार्ड सिवनी, राजा उर्फकचरा उर्फ पुरुषोत्तम गौर पिता गुलाब, उम्र 37 वर्ष, निवासी गणेश चौक, सिवनी, आयुष नामदेव पिता देवेन्द्र नामदेव, उम्र 30 वर्ष, निवासी गणेश चौक, महावीर वार्ड सिवनी। **जप्त सामग्री**-घटना में प्रयुक्त 01 नग बेस बॉल का डंडा।

### विशेष भूमिका..

इस कार्रवाई में निरीक्षक सतीश तिवारी, उनि राजेश शर्मा, डालचंद ग्यारसिया, मनोज पाल, चेतन शर्मा एवं अंकित देशमुख की सराहनीय भूमिका रही।

# कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्रवाई : बुधवारी फायरिंग कांड का चौथा आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल..

## पूर्व में 03 आरोपी पूर्व में गिरफ्तार हो चुके हैं..



जगप्रेरणा सिवनी।

***पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी अपराधों की रोकथाम के प्रति अत्यंत सख्त हैं एवं प्रभावी कार्रवाई हेतु लगातार निर्देशित कर रहे हैं। उनके निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक*** दीपक मिश्रा एवं **SDOP** सिवनी चंचलेश मरकाम के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली पुलिस ने बुधवारी फायरिंग प्रकरण के फरार चल रहे चौथे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। दिनांक 12/06/2026 को प्रार्थी शैलेन्द्र चोरसिया, निवासी सुनारी मोहल्ला सिवनी ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि जमीनी विवाद के चलते देर रात अज्ञात युवकों द्वारा उनके घर पर बंदूक से फायर किया गया। गोली शटर चीरते हुए दुकान के अंदर से घर में प्रवेश कर गई। जिस स्थान पर गोली लगी, उसी स्थान पर प्रार्थी प्रतिदिन सोता था। इससे स्पष्ट था कि प्रार्थी की जान लेने की नीयत से फायर किया गया था। प्रकरण में थाना कोतवाली सिवनी में अपराध क्रमांक 517/2026 धारा 125, 109(1), 61(2), 3(5) **BNS** एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई थी।

### आरोपियों की गिरफ्तारी..

विवेचना के दौरान पुलिस ने घटना में शामिल भोपाल निवासी शूटर निखिल वाथम, गोलू अहिरवार एवं सिवनी निवासी अमन चौहान को पूर्व में ही गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर जिला जेल दाखिल किया जा चुका है। घटना दिनांक से फरार चल रहे चौथे आरोपी गौरव दीक्षित की लगातार संभावित स्थानों पर पतासाजी की जा रही थी।

दिनांक 03/ 08/ 2026 को कोतवाली पुलिस टीम ने आरोपी गौरव दीक्षित पिता नरेन्द्र सिंह, उम्र 36 वर्ष, निवासी बारापत्थर सिवनी को गिरफ्तार किया। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर जिला जेल सिवनी में निरुद्ध किया गया है।

### विशेष भूमिका..

इस कार्रवाई में **SDOP** सिवनी चंचलेश मरकाम, निरीक्षक सतीश तिवारी, उनि डालचंद ग्यारसिया, सउनि जसवंत ठाकुर, प्रआर मुकेश गौडाने एवं प्रआर प्रतीक बघेल की विशेष भूमिका रही।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में अवैध हथियारों के प्रयोग एवं फायरिंग जैसी घटनाओं में लिप्त आरोपियों के विरुद्ध सिवनी पुलिस कठोरतम कार्रवाई करेगी। किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

# बस की अनिश्चितकालीन हड़ताल स्थगित, बस ऑपरेटर ने माना मीडिया कर्मियों का आभार..



जगप्रेरणा सिवनी।

बस ऑपरेटर संघ सवनी के द्वारा 8 अगस्त से परिवहन हेतु बस संचालक अनिश्चितकाल के लिए बंद किए जाने की बात कहीं जा रही थी उसे अब स्थगित कर दिया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए जिला बस आपरेटर संघ के जिला अध्यक्ष तेजवली सिंह ने सभी बस ऑपरेटर संघ के सदस्यों का आभार व्यक्त किया है जिन्होंने संघ की आठ सूत्री मांगों को लेकर अपना योगदान दिया इसी तरह मीडिया कर्मी साथियों द्वारा हमारी मांगों को लेकर अपने पत्र पत्रिकाओं एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से जन चेतना जागृत करने का प्रयास किया गया हम आपका आभार व्यक्त करते हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि प्रदेश बस आपरेटर संघ के महामंत्री जयकुमार जैन एवं संभागीय अध्यक्ष श्री साहू द्वारा परिवहन मंत्री एवं अन्य पदाधिकारी से मांगों को लेकर लंबी चर्चा के उपरांत कहा गया कि उनकी प्रमुख मांगों को तत्काल निराकरण करने तथा शेष मांगों को लेकर भी निर्णय लेने की बात कही गई है इस तरह मिथुन की सभी बातें उन्होंने स्वीकार की है जिसको लेकर अब बस ऑपरेटर संघ द्वारा कृतज्ञता व्यक्त की गई है। तथा सभी के प्रति भविष्य में भी इसी तरह सहयोग की आशा की है संघ की आवश्यक बैठक के दौरान सभी सादर सदस्यों ने प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है साथ ही इस बैठक में पुष्पेंद्र सिंह, रामान सिंह सनोदिया, चंद्रभान सिंह ठाकुर, पवन दिवाकर, दीपक जैन, संजीव जैन, संजय नागपुरे, मोरेश डहेरिया, इब्राहिम खान, सुभाष गंनवानी, हंजला खान, नितेश साहू सहित अनेक बस ऑपरेटर इस अवसर पर मौजूद रहे।

# थाना बंडोल पुलिस की कार्रवाई, हनुमान मंदिर में चोरी के मामले में 01 आरोपी गिरफ्तार..

## भेजा गया जेल, दूसरे आरोपी की तलाश जारी, चांदी की पायल एवं नगदी बरामद..

जगप्रेरणा सिवनी।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं **SDOP**सिवनी चंचलेश मरकाम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बंडोल उनि मनोज कुमार जंघेला द्वारा थाना क्षेत्र में अपराधों पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। दिनांक 04/08/2026 को प्रार्थी पंडित त्रिलोक कुमार दुबे पिता रामविशाल दुबे, निवासी राहीवाडा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि हनुमान मंदिर राहीवाडा में अज्ञात चोर द्वारा मंदिर से चांदी का मुकुट, एक जोड़ी चांदी की पायल एवं दान पेटी से 340/- नगद चोरी कर ले गए हैं। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध थाना बंडोल में अपराध क्रमांक 292/2026 धारा 331(3), 305(घ) **BNS** के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। दौरान विवेचना पुलिस टीम ने मामले के पहले आरोपी आदित्य उर्फ आदि वर्मन को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया। उसके कब्जे से चोरी की एक जोड़ी चांदी की पायल एवं दानपेटी से चुराई गई नगदी 340/- जप्त की गई।

आरोपी ने बताया कि उसने यह चोरी अपने साथी राजा साहू के साथ मिलकर की थी तथा शेष मशरुका लेकर राजा साहू अपनी कार से फरार हो गया। फरार आरोपी की पहचान राजा उर्फ मोहन साहू पिता गोपाल साहू, उम्र 40 वर्ष, निवासी तिलक कॉलेज के पास, थाना एनकेजे, जिला कटनी के रूप में हुई है। उक्त आरोपी पर पूर्व से दर्जनों चोरी के अपराध पंजीबद्ध हैं एवं थाना एनकेजे का निगरानी बदमाश भी है। गिरफ्तार आरोपी आदित्य उर्फआदि वर्मन पिता लल्लू वर्मन, उम्र 22 वर्ष, निवासी विजय राघोगढ़, जिला कटनी पर भी पूर्व से चोरी के प्रकरण दर्ज हैं। आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जिला जेल सिवनी में निरुद्ध किया गया है। फरार आरोपी राजा साहू की तलाश की जा रही है।



**जप्त मशरुका**- एक जोड़ी चांदी की पायल एवं नगद राशि 340/ **सराहनीय भूमिका**- इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी बंडोल उनि मनोज कुमार जंघेला, प्रआर रजनीकांत ठाकुर, प्रआर जयेन्द्र बघेल, प्रआर संदेश परतेती एवं प्रआर सतेन्द्र चंद्रवंशी की विशेष भूमिका रही।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

**व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..**

बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# आखिरकार न्यायालय के आदेश पर नगर पालिका ने तोड़ा जबरन किया गया अतिक्रमण..

## सेवानिवृत्त प्राध्यापक अरविंद तिवारी को मिला लंबे संघर्ष के बाद न्याय..







जगप्रेरणा वारासिवनी।

***सांसारिक जीवन में कई मर्तबा लोग ईर्ष्या, द्वेष के शिकार होकर पड़ोसियों को भी नाहक परेशान करने का कोई अवसर नहीं छोड़ते, जबकि कहा जाता है कि बूरे समय में सबसे पहले पड़ोसी की ही मदद काम आती है,***

और ऐसे ही ईर्ष्या द्वेष से प्रभावित होकर मानो वारासिवनी के वार्ड नंबर 4 सुरेश कुमार दीक्षित ने अपने पड़ोसी सेवानिवृत्त प्राध्यापक अरविंद तिवारी के गृहयोग निवास के आन जाने का मार्ग ही देढ़ वर्ष पूर्व अवरुद्ध कर दिया था, तथा अतिक्रमण करते हुए जबरन पक्की दीवाल खड़ी कर दी थी। इतना ही नहीं, स्वयं अतिक्रमणकारी सुरेश कुमार दीक्षित ने माननीय न्यायालय में उल्टे पिड़ित श्री अरविंद तिवारी के विरुद्ध माननीय न्यायालय में एक याचिका भी दायर कर दी थी, लेकिन इस मामले में माननीय न्यायालय ने अतिक्रमणकारी फरियादी सुरेश कुमार दीक्षित की याचिका को खारिज कर दिया तथा सेवानिवृत्त प्राध्यापक अरविंद तिवारी के गृहयोग निवास के आने जाने का मार्ग शुरु कराने नगर पालिका वारासिवनी को आदेशित किया, जिसके बाद आज 07 अगस्त को वारासिवनी नगर पालिका द्वारा कार्यवाही करते हुए उक्त अतिक्रमण को तोडने् की कार्यवाही कर दी गई है।

### दो बार न्यायालय में खारिज हुई याचिका..

गौरतलब है कि अतिक्रमणकारी सुरेश कुमार दीक्षित जिनके बारे में कहा जाता है कि वे स्वयं पूर्व में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे, तथा अपने शासकीय सेवक के रुप में प्रभाव का उपयोग करते हुए उन्होंने जहां सरकारी हैंडपंप खुदवाकर उसका कनेक्शन अपने घर में लेकर वे जलापूर्ति कर रहे हैं, वहीं अतिक्रमण कर ही शोकपीट भी निर्मित करने का कार्य किया गया है, इसी प्रकार गंदे पानी की निकासी के लिये बनाई गई नाली को प्रभावित कर रखा है, जिसके कारण आस पास के लोग सुरेश कुमार दीक्षित से काफी परेशान बताए जाते हैं।

सेवानिवृत्त प्राध्यापक अरविंद तिवारी ने बताया कि सुरेश कुमार दीक्षित से जब भी अतिक्रमण तोडने् कहा जाता था या नगर पालिका कार्यवाही के लिये पहुंचती थी तो उनके परिवार की महिलाओं को सामने लाकर लड़ाई करने लगते थे, तथा उनके द्वारा विवादित मामले में उनकी याचिका को माननीय न्यायालय द्वारा दो बार खारिज किया जा चुका है, तब जाकर नगर पालिका वारासिवनी से कार्यवाही की है।

### नगर पालिका ने दिया था नोटिस..

गौरतलब है कि माननीय न्यायालय के आदेश पर 6 अगस्त 2026 को एक नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर आवागमन मार्ग से अतिक्रमण हटाकर नगर पालिका को सूचित करने के निर्देश नगर पालिका ने अतिक्रमणकारी सुरेश दीक्षित को दिये थे, लेकिन उक्त अतिक्रमणकारी द्वारा नगर पालिका के आदेश तथा माननीय न्यायालय के निर्णय का भी सम्मान नहीं किया, जिस पर आखिरकार नगर पालिका वारासिवनी द्वारा अमले को साथ ले जाकर जेसीबी मशीनके माध्यम से अतिक्रमण तोड़कर आने जाने का मार्ग शुरु कराया गया।

### मौके पर मौजूद रहे अधिकारी एवं कर्मचारी

गौरतलब है कि कार्रवाई के दौरान नगर पालिका की उपयंत्री अंशिका चौहान, सहायक राजस्व निरीक्षक राजेंद्र बोकड़े तथा नजूल शाखा प्रभारी सुरेंद्र लड़कर अपनी टीम और जेसीबी अमले के साथ मौके पर उपस्थित रहे। अधिकारियों की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से पूरा कराया गया।

### शिकायत और न्यायालय के आदेश पर हुई कार्रवाई

यह पूरी कार्रवाई प्राप्त शिकायत, संबंधित अधिकारियों के पत्राचार, मध्य प्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 187 (1) और माननीय न्यायालय के आदेशों के संदर्भ में की गई है। आम रास्ते पर किए गए इस अवैध निर्माण के कारण आमजन को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

### कार्रवाई का खर्च भी वसूला जाएगा..

नगर पालिका प्रशासन ने पूर्व में ही स्पष्ट कर दिया था कि यदि तय समय सीमा में अतिक्रमण नहीं हटाया जाता है तो इसे पालिका द्वारा बलपूर्वक हटाया जाएगा। साथ ही इस कार्रवाई में होने वाला समस्त व्यय संबंधित पक्ष से ही राजस्व की भांति वसूला जाएगा। आज हुई इस त्वरित कार्रवाई के बाद क्षेत्र में प्रशासनिक मुस्तैदी को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष सश्रम कारावास..

जगप्रेरणा बैहर।

***माननीय अपर एवं जिला सत्र न्यायाधीश श्रीमान सुरेन्द्र सिंह गुर्जर महोदय, तहसील बैहर, जिला बालाघाट ने न्यायालय के विशेष प्रकरण थाना परसवाड़ा के अप.क्र 151/2022 में आरोपी शंकरसिंह मरकाम पिता सूरपसिंह मरकाम, निवासी ग्राम साल्हे,***

थाना परसवाड़ा, जिला बालाघाट (म.प्र.) को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 376एबी एवं लैगिंक अपराधो से बालको का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 5/6 के आरोप में दोषसिद्ध पाते हुए 20 वर्ष का सश्रम कारावास और रू. 25000/- (पच्चीस हजार रूपये) के अर्थदण्ड एवं अर्थदण्ड अदायगी के व्यतिक्रम में 06 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतने हेतु दंडित किया गया।



राज्य की ओर से सहायक निदेशक श्री कपिल डहेरिया के मार्गदर्शन में विशेष लोक अभियोजक श्री अभय सिंह ठाकुर बैहर द्वारा प्रभावी पैरवी की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार अभियोक्त्री जिसकी जन्म तारीख 20.09.2009 है उससे गांव का शंकर मरकाम बात करता था और बोलता था कि वह उससे शादी करेगा, वह उसे गलत काम करने दे और आरोपी शंकर मरकाम माह जून-जुलाई 2022 में अकेले में अपने घर दिन में बुलाकर शादी करूंगा बोलकर, गलत काम किया और बोला कि किसी को मत बताना और बार-बार बुलाकर उसके साथ अपने घर में दिन में चार बार गलत काम बलात्कार किया, जब उसका महीना रूक गया, तब उसने अपनी मम्मी को पूरी बात बताई, तब उसकी मम्मी ने उसका पेट देखा तो बताया कि तेरे को गर्भ हो गया है, फिर यह बात मम्मी ने उसके दादा को बताई, फिर उसके दादा ने यह बात गांव में सरपंच और गांव के लोगों को बतलाया, पीड़िता को चार माह का गर्भ ठहरने के कारण पीड़िता ने उक्त घटना के संबंध में पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस थाना परसवाड़ा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था।

विचारण उपरांत माननीय न्यायालय ने अभियोजन साक्ष्य, डीएनए रिपोर्ट एवं अभियोजन अधिकारी के तर्को से सहमत होते हुए आरोपी को उपरोक्त सजा से दण्डित किया।

# नाबालिग के बलात्कारी को 10 वर्ष का कठोर कारावास एवं अर्थदंड की सजा..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***माननीय विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) श्रीमान गौतम सिंह मरकाम, जिला बालाघाट ने न्यायालय के विशेष प्रकरण थाना लामता के अप0क्र0 105/2023 में आरोपी दानियल मडावी पिता प्रेमलाल उम्र 40 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 17, ग्राम***



दुरेन्दा पुलिस चौकी चरेगांव पुलिस थाना लामता जिला-बालाघाट को धारा 376 भादवि में 10 वर्ष का कठोर कारावास एवं 10,000/- रू अर्थदंड से दंडित किया। श्री कपिल कुमार डहेरिया, सहायक संचालक/विशेष लोक अभियोजक, बालाघाट द्वारा प्रकरण में सशक्त पैरवी की गई। मामले में अभियोजन द्वारा बताई गई घटना अनुसार सूचनाकर्ता पीड़िता ने परिजन के साथ थाना लामता में उपस्थित होकर इस आशय की रिपोर्ट लेख कराई कि वह कक्षा 9वीं की पढ़ाई कर रही है तथा साईकिल से स्कूल आना-जाना करती है। वह स्कूल की छुट्टी होने के बाद साईकिल से अपने घर वाप्स जा रही थी। रास्ते में बंजारी माता मंदिर के पास शाम करीब 4.30 से 5.00 बजे के बीच उसकी साईकिल की चेन निकल गई तो वह ठीक कर रही थी तभी गांव का दानियल मडावी आया और उससे पूछा कि स्कूल से घर जा रही हो, तो उसने हां कहा तथा क्यों पूछ रहे हो बोली और चैन ठीक करने लगी तभी दानियल ने उसे पकड़कर वहीं पास के जंगल ले गया और उसके साथ बलात्कार किया। वह चिल्लाई परंतु कोई नहीं आया। उसके बाद आरोपी ने उसे घटना के बारे में किसी को बताने से मना किया, तो वह घर चली गई और घटना के बारे में अपनी मां को बताई। मां की तबीयत खराब थी तथा जिस कारण रिपोर्ट करने नहीं जा पाई। शाम को भाई घर आया तब मां व भाई के साथ थाना जाकर रिपोर्ट लेख कराई। उपरोक्त के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध पुलिस थाना लामता जिला बालाघाट में अपराध कमांक 105/2023 अपराध अंतर्गत भारतीय दण्ड संहिता की धारा 376 एवं धारा 3/4 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गई। प्रकरण में विवेचना की गई। विवेचना उपरांत अभियुक्त के विरुद्ध प्रथम दृष्ट्या मामला प्रमाणित पाये जाने पर न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय ने विचारण उपरांत प्रकरण में आयी सकारात्मक साक्ष्य के आधार पर उक्त आरोपी को आज दिनांक 07.08.2026 को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया।

# नवागत एसडीओ की सख्ती: चार माह पुरानी फाइल खुलते ही महाराष्ट्र से जब्त कर कटंगी लाए गए दो ट्रक..

## खैरलांजी में नकली हेमर लगाकर लकड़ी के अवैध परिवहन के मामले में बड़ी कार्रवाई..






जगप्रेरणा कटंगी।

***कटंगी वन सब डिवीजन का प्रभार संभालते ही नवागत एसडीओ यशपाल मेहरा ने लंबित वन अपराध प्रकरणों की समीक्षा शुरू कर दी है। इसी क्रम में चार माह पुराने एक चर्चित प्रकरण की फाइल दोबारा खोली गई,***

जिसके बाद महाराष्ट्र के तिरोड़ा और गोंदिया से लकड़ी के अवैध परिवहन में कथित रूप से इस्तेमाल किए गए दो ट्रकों को जब्त कर पुनः वन विभाग की अभिरक्षा में लाया गया। इस कार्रवाई को वन विभाग की बड़ी प्रशासनिक पहल माना जा रहा है। वनसंरक्षक गौरव चैधरी के निर्देशन एवं डीएफओ नित्यानंद एल. के मार्गदर्शन में की गई इस कार्रवाई के संबंध में एसडीओ यशपाल मेहरा ने बताया कि खैरलांजी परिक्षेत्र अंतर्गत 13 मार्च 2026 को पीओआर प्रकरण क्रमांक 12636/9 दर्ज किया गया था। मामला ग्राम खैरलांजी में मालिक मकबूजा भूमि से परिवहन की जा रही लकड़ियों का था, जिनके लिए ट्रांजिट पास (टीपी) जारी करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था। जांच के दौरान वन विभाग ने पाया कि अनुमतिशुदा लकड़ियों के साथ ऐसी लकड़ियां भी शामिल थीं जिन पर नकली हेमर (वन विभाग की हथौड़ा छाप) के निशान अंकित थे। इसे गंभीर अनियमितता मानते हुए विभाग ने प्रकरण दर्ज किया तथा मौके पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर हंसराज लिल्हारे, निवासी खैरलांजी को आरोपी बनाया। साथ ही लकड़ी के अवैध परिवहन में प्रयुक्त ट्रक क्रमांक एमएच-40-बीएल-7567 एवं एमएच-40-सीडी-4363 को जब्त कर उनके राजसात किए जाने की कार्रवाई प्रस्तावित की गई थी। हालांकि बाद में सिविल न्यायालय के आदेश के आधार पर दोनों ट्रकों को उनके संबंधित वाहन मालिकों की सुपुर्दगी में दे दिया गया था। नवागत एसडीओ यशपाल मेहरा ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर जब उन्होंने प्रकरण की संपूर्ण नस्ती का पुनः परीक्षण किया तो यह पाया गया कि उपलब्ध तथ्यों और प्रकरण की प्रकृति को देखते हुए जब्तशुदा वाहनों को सुपुर्दगी पर छोड़ा जाना उचित नहीं था। इसके बाद विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 27 जुलाई को महाराष्ट्र के तिरोड़ा से ट्रक क्रमांक एमएच-40-बीएल-7567 तथा गोंदिया से ट्रक क्रमांक एमएच-40-सीडी-4363 को पुनः जब्त कर वन विभाग की अभिरक्षा में कटंगी लाया। वर्तमान में यह प्रकरण अपील में विचाराधीन है। वाहन जब्ती की कार्रवाई खैरलांजी परिक्षेत्र अधिकारी दीपचंद वासनिक एवं उनकी टीम ने पूरी की। रेंजर श्री वासनिक ने बताया कि खैरलांजी निवासी भूमि स्वामी किशनलाल जैतवार ने अपने खेत में काटे गए वृक्षों के परिवहन के लिए टीपी जारी करने का आवेदन दिया था। जांच के दौरान अनुमतिशुदा लकड़ियों के साथ नकली हेमर लगी लकड़ियां मिलने पर विभाग ने तत्काल वन अपराध प्रकरण दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई प्रारंभ की थी। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अवैध लकड़ी परिवहन तथा नकली हेमर के उपयोग जैसे मामलों में भविष्य में भी इसी प्रकार कठोर कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि वन संपदा की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# बाघ के हमले के बाद भड़के विधायक मधु भगत, गांव पहुंचकर वन विभाग को दी चेतावनी

## घायल युवक से अस्पताल में की मुलाकात, पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता; बोले- लेंटाना हटाने और सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं..







जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***बैहर वन परिक्षेत्र के ग्राम मालखेड़ी में शुक्रवार सुबह बाघ के हमले में एक युवक के गंभीर रूप से घायल होने के बाद क्षेत्र में दहशत और आक्रोश का माहौल है।***

घटना की सूचना मिलते ही परसवाड़ा विधायक मधु भगत पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैहर पहुंचे, जहां उन्होंने घायल युवक राजकुमार परते से मुलाकात कर चिकित्सकों से उपचार की जानकारी ली। विधायक ने परिजनों को बेहतर इलाज का भरोसा दिलाते हुए ₹5 हजार की आर्थिक सहायता भी प्रदान की।

इसके बाद विधायक पहले पर्रापुर पहुंचे, जहां कुछ दिन पूर्व बाघ के हमले में जान गंवाने वाली सगनी बाई के परिजनों से मुलाकात की। परिवार ने बताया कि घर में दरवाजा नहीं होने के कारण बाघ रात में भीतर घुस गया था। इस पर विधायक ने तत्काल ₹3 हजार की सहायता देकर दरवाजा लगवाने की व्यवस्था करने को कहा और शासन की ओर से मिलने वाली सभी सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

इसके बाद विधायक मालखेड़ी पहुंचे, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जंगल किनारे फैली लेंटाना की झाड़ियों की नियमित सफाई नहीं हो रही है, जिससे बाघ आसानी से छिपकर गांव और खेतों की ओर आने वाले लोगों व मवेशियों पर हमला कर रहा है। साथ ही सुरक्षा के लिए प्रभावी फेंसिंग और निगरानी व्यवस्था भी नहीं होने की शिकायत की।

ग्रामीणों की शिकायतों के बीच विधायक ने कान्हा टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर से दूरभाष पर चर्चा कर विभागीय लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि यदि वन्यजीवों की गतिविधियों पर नियंत्रण, लेंटाना उन्मूलन और ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए गए तो क्षेत्र की जनता के साथ वन विभाग के खिलाफआंदोलन किया जाएगा। विधायक ने आरोप लगाया कि सुरक्षा और संरक्षण के नाम पर मिलने वाले बजट का अपेक्षित उपयोग जमीनी स्तर पर दिखाई नहीं दे रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि पिछले दो-तीन वर्षों से बाघ के हमलों की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, लेकिन बार-बार शिकायतों के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही। विधायक ने कहा कि ग्रामीणों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस संबंध में वे मुख्यमंत्री से भी चर्चा कर स्थायी समाधान की मांग करेंगे।

विधायक के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने वन विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए बाघ के बढ़ते आतंक से राहत दिलाने की मांग की। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य तामेश्वर पटेल, विधायक प्रतिनिधि बलराम उइके, सुधीर पटले, नायब तहसीलदार तिलकचंद घोरमारे, पुलिस एवं वन विभाग के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# टेमनी में श्रद्धा, सेवा, संकल्प के साथ हुआ अखंड रामायण पाठ का विश्राम, प्रतिभाशाली बच्चों का हुआ सम्मान, आयोजन की सर्वत्र सराहना

जगप्रेरणा लांजी।

***क्षेत्र के ग्राम टेमनी में स्थानीय नागरिकों एवं ग्राम समितियों के सहयोग से अखण्ड श्रीरामचरितमानस पाठ समिति तथा अभिनंदन लाइफफाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में अखण्ड श्रीरामचरितमानस पाठ का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हो रहा है। 6 अगस्त को***











शुभारंभ हुए इस आयोजन के दौरान धार्मिक कार्यक्रमों के साथ-साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति और सामाजिक जागरूकता से जुड़े अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### राम यात्रा का हुआ भव्य स्वागत

कार्यक्रम का शुभारंभ दुर्गा मंदिर से भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण की मनमोहक झांकी एवं राम रथ के साथ भव्य राम यात्रा से हुआ। बैंड-बाजों और भक्ति संगीत के बीच यात्रा पूरे गांव का भ्रमण करते हुए राम मंदिर पहुंची। ग्रामीणों ने जगह-जगह दीप प्रज्वलित कर, आरती उतारकर एवं रंगोली सजाकर भगवान श्रीराम का स्वागत किया। पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

### स्वास्थ्य शिविर में 363 लोगों का परीक्षण

आयोजित स्वास्थ्य शिविर में यूनाइटेड हॉस्पिटल एवं देव जी नेत्रालय की चिकित्सकीय टीम द्वारा 363 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। वहीं 159 लोगों की निःशुल्क मोतियाबिंद नेत्र जांच की गई, जिनमें 28 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। इन सभी का निःशुल्क उपचार एवं ऑपरेशन कराया जाएगा।

### दिव्यांगजनों को मिलेगा निःशुल्क कृत्रिम हाथ-पैर

शिविर के दौरान ऐसे दिव्यांगजनों का भी चिन्हांकन किया गया, जिनके हाथ या पैर दुर्घटना अथवा अन्य कारणों से कट चुके हैं। उन्हें आगामी चरण में जयपुर फुट एवं आर्टिफिशियल हैंड के माध्यम से निःशुल्क कृत्रिम अंग उपलब्ध कराए जाएंगे। ग्राम टेमनी के श्यामकली कावरे एवं ढूंढू दोनाडकर को इस योजना के लिए चिन्हित किया गया है। आयोजन समिति ने पात्र हितग्राहियों से आधार कार्ड, चिकित्सकीय प्रमाण पत्र, फोटो एवं निवास संबंधी दस्तावेज साथ लाने की अपील की है।

### प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान

ग्राम टेमनी के बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का मंच से सम्मान किया गया। कक्षा 10वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली प्रतीक्षा विजय चोरनेले तथा कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली कसक भुजबल सिंह सोलंकी को सम्मानित कर उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।

### शिक्षा, संस्कार और नशा मुक्ति का संदेश

कार्यक्रम में उपस्थित संतजनों, प्रबुद्ध नागरिकों, महिलाओं, युवाओं एवं विद्यार्थियों ने श्रीरामचरितमानस के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

वक्ताओं ने कहा कि श्रीरामचरितमानस केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि आदर्श जीवन, सामाजिक समरसता, सेवा, संस्कार और राष्ट्र निर्माण का मार्गदर्शक है। विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन, नैतिक मूल्यों एवं लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही नशा मुक्ति का संदेश देकर समाज को व्यसनमुक्त बनाने का आह्वान किया गया।

### प्लास्टिक मुक्त गांव और पर्यावरण संरक्षण पर जोर

सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत ग्रामीणों को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया तथा कपड़े और जूट के थैलों के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ गांव में 25 पौधों का पौधारोपण किया गया। ग्रामीणों ने पौधों की बच्चों की तरह देखभाल करने का संकल्प लिया।

### महिलाओं ने किया हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम

महिला मंडल द्वारा हल्दी-कुमकुम कार्यक्रम आयोजित कर भारतीय संस्कृति, पारिवारिक संस्कार, आपसी सम्मान और सौहार्द का संदेश दिया गया। महिलाओं ने परिवार में प्रेम, सहयोग और संस्कारों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

### बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

गांव के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से शिक्षा, संस्कार, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता से जुड़े प्रेरणादायी संदेश प्रस्तुत किए। उपस्थित ग्रामीणों ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### मोहारा में अगले आयोजन का शुभारंभ

आयोजन समिति ने बताया कि अब ग्राम मोहारा में अखण्ड श्रीरामचरितमानस पाठ का शुभारंभ किया गया है। यह आयोजन 7 अगस्त से प्रारंभ होकर 8 अगस्त को स्वास्थ्य शिविर, निःशुल्क मोतियाबिंद नेत्र जांच, प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान एवं महाप्रसाद वितरण के साथ सम्पन्न होगा। समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म एवं सेवा के इस अभियान का हिस्सा बनने की अपील की।

# बालाघाट की लोक संगीत और देवी गीतों की सशक्त पहचान बनीं सोनम पंवार..

रहीम खान, जगप्रेरणा बालाघाट।




***मध्यप्रदेश के दक्षिण-पूर्व में स्थित बालाघाट जिला अपनी प्राकृतिक एवं खनिज संपदा के साथ-साथ समृद्ध सांस्कृतिक और संगीत परंपरा के लिए भी जाना जाता है। जिले की इसी संगीत परंपरा को नई पहचान देने वाली युवा लोक एवं देवी***

गीत गायिका सोनम पंवार आज मध्यप्रदेश के साथ-साथ महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में भी अपनी मधुर आवाज के दम पर विशेष पहचान बना चुकी हैं। सोनम पंवार ने पिछले कुछ वर्षों में लोक संगीत, देवी जागरण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से हजारों श्रोताओं का दिल जीता है। उनके कई भजन, लोकगीत, वीडियो, रील और ऑडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लोकप्रिय हैं। वे पारंपरिक लोक संगीत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं और विभिन्न राज्यों में आयोजित धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों में अपनी प्रभावशाली प्रस्तुतियां दे रही हैं।

सोनम पंवार का कहना है कि उनके ससुर हरिओम बालाघाटी और उनके पति, जो संगीत कला को समर्पित व्यक्तित्व हैं तथा एक सफल संगीत स्टूडियो का संचालन करते हैं, का उन्हें हमेशा मार्गदर्शन और प्रोत्साहन मिला है। उन्हीं के सहयोग से उन्होंने गायन की बारीकियां सीखीं और संगीत के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान स्थापित की। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष संविधान दिवस पर उनके द्वारा प्रस्तुत जागरूकता गीत को लोगों का भरपूर समर्थन मिला। उनका मानना है कि भारत का संविधान समानता, न्याय और भाईचारे का संदेश देता है तथा समाज में जागरूकता बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। संगीत के जरिए सामाजिक संदेश देना भी उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। सोनम पंवार ने कहा कि श्रोताओं का प्रेम, तालियों की गूंज और निरंतर मिल रहा प्रोत्साहन ही उन्हें हर बार कुछ नया और बेहतर करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आगे भी संगीत प्रेमियों का स्नेह, आशीर्वाद और सहयोग उन्हें इसी तरह मिलता रहेगा, जिससे वे लोक संगीत और देवी गीतों की समृद्ध परंपरा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकें।

# नरसिंहपुर में आठ वर्षीय छात्रा से दुष्कर्म के बाद हत्या, आरोपी गिरफ्तार

नरसिंहपुर, (भाषा)।

***मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर जिले में आठ वर्षीय छात्रा से कथित तौर पर दुष्कर्म करने के बाद उसकी गला दबाकर हत्या करने के आरोप में 22 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। इस घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन करते हुए आरोपी के***

मकान पर बुलडोजर चलाने और उसे फांसी देने की मांग की। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना बुधवार की है। आरोपी को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी बच्ची की तलाश में जुटे ग्रामीणों के साथ खुद भी उसे खोजने का नाटक करता रहा।

पुलिस ने बताया कि आरोपी बुधवार को दोपहर के भोजनावकाश के दौरान स्कूल पहुंचा और छात्रा से कहा कि उसके पिता ने उसे घर बुलाया है। इसके बाद वह उसे अपने साथ ले गया।

अधिकारी ने बताया कि स्कूल की छुट्टी के बाद बच्ची घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। करीब आठ घंटे तक चले तलाशी अभियान के बाद गांव से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर जंगल में एक खाई से बच्ची का शव बरामद किया गया।

पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीणा ने बताया कि बच्ची की तलाश में 40 से 50 पुलिसकर्मी और लगभग 60 ग्रामीण लगे हुए थे। इस दौरान आरोपी भी लोगों के साथ बालिका को खोजने का दिखावा कर रहा था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने खोजी श्वान की मदद ली। खोजी श्वान पुलिस को सीधे आरोपी के घर तक ले गया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

अधिकारी ने बताया कि बृहस्पतिवार को पोस्टमार्टम के दौरान बड़ी संख्या में लोग शवगृह के बाहर एकत्र हो गए। बाद में उन्होंने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर आरोपी को फांसी देने, उसके मकान पर बुलडोजर चलाने तथा पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की।

उन्होंने बताया कि स्थिति को देखते हुए पुलिस ने बच्ची के शव को दूसरे रास्ते से उसके गांव पहुंचाया। उन्होंने बताया कि मामले की सुनवाई त्वरित अदालत में कराई जाएगी। घटना के विरोध में गोटेगांव तहसील स्थित पीड़िता के गांव का बाजार शुक्रवार को बंद रहा। ग्रामीणों ने कैंडल मार्च भी निकाला।

अधिकारी ने बताया कि लोगों में भारी आक्रोश को देखते हुए गांव में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। इस बीच, मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने पीड़िता के गांव पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात की और उन्हें एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की।

सिंघार ने एक बयान में कहा कि यह अमानवीय और हृदयविदारक घटना पूरे मध्यप्रदेश को झकझोर देने वाली है। उन्होंने कहा कि वह इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं। कांग्रेस नेता ने मुख्यमंत्री मोहन यादव से मामले की सुनवाई त्वरित अदालत में कराने और आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की। उन्होंने कहा कि ऐसे जघन्य अपराधों में त्वरित और कठोर कार्रवाई से ही समाज का कानून पर विश्वास मजबूत होगा तथा न्याय की लड़ाई जारी रहेगी।

# दो महीने से खुले आसमान के नीचे करोड़ों की सरकारी संपत्ति, ट्राइबल विभाग की अनदेखी से जर्जर हो रहा परसवाड़ा का पुराना सांदीपनि विद्यालय

जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***सरकारी संपत्तियों के संरक्षण को लेकर बड़े-बड़े दावे करने वाला जनजातीय कार्य विभाग स्वयं अपनी करोड़ों रुपये की परिसंपत्तियों को बचाने में गंभीर नजर नहीं आ रहा है। परसवाड़ा का पुराना सांदीपनि विद्यालय इसका ताजा उदाहरण बन गया है, जहां जून माह में आए आंधी-तूफान में उड़ गए प्राथमिक कक्षाओं के टीन शेड आज भी नहीं लगाए गए हैं।***









दो माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद विभाग ने क्षतिग्रस्त भवन की मरम्मत तक कराना उचित नहीं समझा, जिससे लाखों रुपये खर्च कर तैयार किए गए कक्ष कुदरत की मार और लापरवाही दोनों का शिकार बन रहे हैं। जून माह में आए तेज आंधी-तूफान ने पूरे परसवाड़ा क्षेत्र में भारी नुकसान पहुंचाया था। कई व्यापारियों के शेड उड़ गए, ग्रामीणों के मकानों की छतें क्षतिग्रस्त हुईं, जगह-जगह पेड़ धराशायी हो गए और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया।

इसी दौरान ट्राइबल विभाग के अधीन संचालित पुराने सांदीपनि विद्यालय की प्राथमिक कक्षाओं पर लगे टीन शेड भी उड़ गए। परिसर में खड़ा विशाल आम का पेड़ मंच के समीप बने भवन पर गिर गया, जिसे विभाग ने तत्काल हटवा तो दिया, लेकिन सबसे जरूरी कार्य–उड़ी हुई छतों की मरम्मत–आज तक अधूरा पड़ा है।

विडंबना यह है कि जिन कक्षाओं को लाखों रुपये खर्च कर आधुनिक सुविधाओं से तैयार किया गया था, वे अब बारिश, धूप और उपेक्षा की मार झेल रही हैं। कमरों में लगाए गए ग्रीन बोर्ड, विद्युत बोर्ड, केबल वायरिंग, शिक्षण सामग्री तथा अन्य संसाधन खुले वातावरण में खराब हो रहे हैं।

कहीं सामान टूट रहा है तो कहीं असामाजिक तत्व उसे चोरी कर ले जा रहे हैं। करोड़ों की सरकारी संपत्ति धीरे-धीरे कबाड़ में तब्दील होती दिखाई दे रही है। विद्यालय के नए भवन में स्थानांतरण के बाद पुराने परिसर को खाली कर जनजातीय कार्य विभाग के सुपुर्द कर दिया गया था।

शिक्षकों के अनुसार भवन और उसकी देखरेख की पूरी जिम्मेदारी विभाग की है। कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण विभागीय कर्मचारियों के संरक्षण में रखे गए हैं, लेकिन भवन के संरक्षण और रखरखाव को लेकर कोई गंभीर पहल दिखाई नहीं दे रही।

स्थानीय मीडिया द्वारा हाल ही में किए गए निरीक्षण में सामने आया कि प्राथमिक कक्षाओं के उड़े हुए टीन शेड अब भी नहीं लगाए गए हैं।

परिसर में बिखरी वायरिंग, खुले पड़े विद्युत बोर्ड, टूटते निर्माण और जर्जर होती कक्षाएं साफ बता रही हैं कि जिम्मेदार अधिकारियों ने महीनों से यहां झांकना भी जरूरी नहीं समझा। बताया जाता है कि पूरे परिसर को पहले सीसीटीवी कैमरों से लैस किया गया था, लेकिन विद्यालय के विस्थापन के दौरान कैमरे भी निकाल लिए गए, फर्नीचर हटा दिया गया। इसके बाद भवन पूरी तरह असुरक्षित हो गया, जिससे चोरी और तोड़फोड़ की घटनाओं की आशंका लगातार बढ़ गई है।

कभी परसवाड़ा और आसपास के ग्रामीण अंचलों के हजारों विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने वाला यह विद्यालय आज स्वयं बदहाली का प्रतीक बन गया है। जिस भवन पर करोड़ों रुपये की सार्वजनिक राशि खर्च हुई, वही भवन अब विभागीय उदासीनता के कारण मरणासन्न स्थिति में पहुंच रहा है। यदि समय रहते संरक्षण नहीं किया गया तो आने वाले वर्षों में यह उपयोगी शासकीय परिसंपत्ति खंडहर में तब्दील हो सकती है।

क्षेत्र के जागरूक नागरिकों का कहना है कि जनजातीय कार्य विभाग को तत्काल संज्ञान लेते हुए क्षतिग्रस्त टीन शेड की मरम्मत, भवन का संरक्षण और सुरक्षा व्यवस्था बहाल करनी चाहिए।

लाखों रुपये की लागत से निर्मित कक्षाओं को बचाना केवल विभागीय जिम्मेदारी ही नहीं, बल्कि जनता के टैक्स से निर्मित सरकारी संपत्ति की रक्षा का भी प्रश्न है। यदि अब भी लापरवाही जारी रही तो करोड़ों रुपये की यह परिसंपत्ति धीरे-धीरे पूरी तरह बर्बाद हो जाएगी और इसकी जवाबदेही तय करना भी कठिन हो जाएगा।

# सरपंच हत्याकांड के आरोपी कराड को 'विशेष सुविधाएं' देने के आरोपों के बाद बीड़ जेल जांच के घेरे में..

बीड (महाराष्ट्र), (भाषा)।

***सरपंच संतोष देशमुख हत्याकांड के मुख्य आरोपी वाल्मीकि कराड को बीड जिला जेल के भीतर विशेष सुविधाएं मिलने के आरोपों के बाद महाराष्ट्र जेल विभाग की सतर्कता टीमों ने अलग-अलग जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।***

अधिकारियों ने बताया कि विभाग की पुणे और छत्रपति संभाजीनगर इकाइयों की टीमों ने कराड की बैरक के पास लगे सीसीटीवी कैमरों का निरीक्षण किया और उनका डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर (डीवीआर) जब्त कर लिया। टीमों ने कैदियों द्वारा वीडियो और ऑडियो कॉल के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की और पिछले तीन महीनों का डेटा अपने कब्जे में ले लिया। मृतक सरपंच के भाई धनंजय देशमुख ने दावा किया था कि वर्ष 2024 के हत्या मामले में न्यायिक हिरासत में जेल में बंद कराड को विशेष सुविधाएं दी जा रही हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की लोकसभा सांसद सुप्रिया सुले द्वारा सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इन आरोपों की उच्चस्तरीय जांच की मांग किए जाने के बाद यह मुद्दा राजनीतिक रूप से गरमा गया।

अधिकारियों के अनुसार, इन आरोपों पर संज्ञान लेते हुए जेल विभाग की सतर्कता टीमों ने बृहस्पतिवार को मध्य महाराष्ट्र की इस जेल का दौरा किया और स्वतंत्र जांच शुरू की।

अधिकारियों ने बताया कि जेल अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों सहित आठ से दस लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं। उन्होंने कहा कि अगले दो दिनों के भीतर महानिदेशक (जेल) को एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपे जाने की उम्मीद है। बीड जिले के मस्साजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख (45) का नौ दिसंबर 2024 को अपहरण कर लिया गया था, जिसके बाद उन्हें यातनाएं दी गईं और उनकी हत्या कर दी गई थी। इस हत्या की वजह एक पवन ऊर्जा कंपनी से की जा रही जबरन वसूली का उनके द्वारा विरोध करना था।





जग प्रेरणा

# खेल मनोरंजन

खेल जगत एवं बॉलीवुड व हॉलीवुड की खबरें..



## आर प्रज्ञानानंदा ने रचा इतिहास, एक राउंड रहते ही बने सेंट लुइस रैपिड एंड ब्लिट्ज चैंपियन..

डेस्क जगप्रेरणा।

*भारत के युवा ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने अमेरिका में आयोजित 'सेंट लुइस रैपिड एंड ब्लिट्ज' शतरंज टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया है। वे शुरुआत से ही टूर्नामेंट में सबसे आगे चल रहे थे।*



ब्लिट्ज राउंड के सेकंड-लास्ट मैच में उन्होंने उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव के साथ मैच ड्रॉ खेला, जिससे आखिरी मैच से पहले ही उनका चैंपियन बनना तय हो गया। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में 35 में से सबसे ज्यादा 23.5 पॉइंट हासिल किए और अपने करियर की पहली ग्रैंड चेस टूर ट्रॉफी अपने नाम की। इस शानदार जीत के साथ उन्हें लगभग 48 लाख रुपये (50,000) का इनाम और 13 अहम टूर्नामेंट पॉइंट्स मिले हैं।

### सिंदारोव ने दी प्रज्ञानानंदा को कड़ी टक्कर..

प्रज्ञानानंदा पूरे पांच दिनों के इस टूर्नामेंट में लगातार पहले स्थान पर बने रहे। उज्बेकिस्तान के खिलाड़ी सिंदारोव ने उन्हें आखिरी दिन तक कड़ी टक्कर दी, लेकिन भारतीय ग्रैंडमास्टर ने अपनी बढ़त हाथ से जाने नहीं दी। ब्लिट्ज राउंड के आखिरी 9 मैचों में उन्होंने 3 मैच जीते, 5 मैच ड्रॉ खेले और सिर्फ 1 मैच में हार का सामना किया। उन्होंने न केवल मुख्य ट्रॉफी अपने नाम की, बल्कि रैपिड और ब्लिट्ज दोनों ही कैटेगरी में सबसे ज्यादा अंक हासिल किए। जीत दर्ज करने के बाद उन्होंने कहा कि स्कोर बोर्ड देखकर लगता है कि यह जीत बहुत आसान थी, लेकिन असल में ऐसा नहीं था। सिंदारोव ने मुझे अंत तक बहुत कड़ी चुनौती दी।

### प्रज्ञानानंदा ने जीता था नॉर्वे चेस का खिताब..

प्रज्ञानानंदा इस समय बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं। इससे पहले जून 2026 में उन्होंने ओस्लो (नॉर्वे) में आयोजित 'नॉर्वे चेस' का खिताब भी अपने नाम किया था। उस टूर्नामेंट के आखिरी दौर में उन्होंने जर्मनी के खिलाड़ी विंसेंट कीमर को हराया था और लगातार चार मैच जीतकर ट्रॉफी जीती थी। अब उनकी नजरें अगले टूर्नामेंट सिंकफील्ड कप पर हैं, जो 10 अगस्त से शुरू होने जा रहा है। यह टूर्नामेंट ग्रैंड चेस टूर **(GCT)** के फाइनल में पहुंचने का आखिरी मौका है। इसके बाद पॉइंट्स टेबल के टॉप-4 खिलाड़ियों को फाइनल में खेलने का मौका मिलेगा, जहां जीतने वाले खिलाड़ी को लगभग 1.65 करोड़ रुपये (200,000) का बड़ा इनाम मिलेगा।

### भारत के सबसे युवा ग्रैंडमास्टर हैं प्रज्ञानानंदा..

तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में 10 अगस्त 2005 को जन्मे आर प्रज्ञानानंदा ने बहुत छोटी उम्र में ही शतरंज की दुनिया में अपनी पहचान बना ली थी। साल 2018 में जब वे महज 12 साल, 10 महीने और 13 दिन के थे, तब वे दुनिया के दूसरे और भारत के सबसे युवा ग्रैंडमास्टर बन गए थे। शतरंज का हुनर उनके परिवार में ही है। उनकी बड़ी बहन आर वैशाली भी एक जानी-मानी ग्रैंडमास्टर हैं और इंटरनेशनल लेवल पर देश का नाम रोशन कर चुकी हैं।

## थलापति विजय और पत्नी के रिश्ते में आया नया मोड़, संगीता ने लिया यू-टर्न, वापस ली तलाक की अर्जी..

डेस्क जगप्रेरणा।

*तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और टीवीके प्रमुख सी जोसेफ विजय और उनकी पत्नी संगीता के बीच लंबे समय से चल रहे पारिवारिक विवाद में एक नया और राहत भरा मोड़ आया है। संगीता ने स्थानीय चेन्गलपट्टू फैमिली कोर्ट में दायर अपनी तलाक की याचिका वापस ले ली है।*



पिछले कई महीनों से मीडिया और राजनीतिक गलियारों में इस हाई-प्रोफाइल मामले को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही थीं। हालांकि हालिया घटनाक्रम से दोनों के बीच सुलह के संकेत साफ नजर आ रहे हैं। 27 साल के इस रिश्ते को बचाने और कोर्ट केस खत्म होने की खबर से समर्थकों और फैंस के बीच खुशी की लहर दौड़ गई है।

माना जा रहा है कि अदालत ने मामले के निपटारे और सुलह के बाद दोनों के रिश्ते में खट्टास अब कम हो जाएगी।

### पारिवारिक विवाद और गंभीर आरोपों का ब्यौरा..

संगीता द्वारा फरवरी में दायर की गई याचिका में आरोप लगाया गया था कि विजय का एक अन्य अभिनेत्री के साथ अवैध संबंध था, जिसकी जानकारी उन्हें साल 2021 में मिली थी। याचिका के अनुसार, विजय ने इस रिश्ते को समाप्त करने का आश्वासन दिया था, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने इसे जारी रखा और उन्हें इसका कोई पछतावा भी नहीं था।दस्तावेज में यह भी कहा गया था कि विजय ने संगीता को अपने सामाजिक और व्यावसायिक जीवन से पूरी तरह अलग कर दिया, जबकि वे उस अभिनेत्री के साथ विदेश यात्राओं और सार्वजनिक कार्यक्रमों में लगातार शामिल होते रहे।

### याचिका में क्या कहा गया था?

इसके अलावा याचिका में उल्लेख किया गया था कि संबंधित अभिनेत्री सोशल मीडिया पर इन दौरों की तस्वीरें बार-बार साझा करती थी, जिस पर विजय ने कभी कोई आपत्ति नहीं जताई। संगीता का दावा था कि इन पोस्ट्स से उन्हें और उनके दोनों बच्चों जेसन संजय और दिव्या साशा को समाज में काफी अपमान सहना पड़ा। याचिका में विजय पर संगीता को मिलने वाली सुविधाओं में कटौती करने, वित्तीय पाबंदियां लगाने और उनकी आवाजाही को सीमित करने के आरोप भी लगाए गए थे। संगीता ने आरोप लगाया था कि 2024 के दौरान सोशल मीडिया पर चली विवादित खबरों और विजय के व्यवहार से उन्हें गहरा मानसिक तनाव झेलना पड़ा। उनका कहना था कि उनका यह रिश्ता अब सिर्फ कागजों तक सीमित रह गया था और इसमें सुधार की कोई गुंजाइश नहीं बची थी, जिससे उन्हें केवल मानसिक पीड़ा, अपमान और कष्ट ही मिला।

## 'द अलायंस' की विनर बनीं मिनी माथुर

## जीता 50 लाख का प्राइज मनी..

डेस्क जगप्रेरणा।

*बॉलीवुड एक्टर कुणाल खेमू के रियलिटी शो 'अलायंस' को अपना पहला विनर मिल गया है। फिनाले में रूही दोसानी और अली गोनी को हराकर मिनी माथुर ने ट्रॉफी अपने नाम कर ली।*




जीत के बाद मिनी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि उनका सफर महिलाओं को खुद पर भरोसा करने और अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करेगा। ग्रैंड फिनाले में उन्होंने ट्रॉफी के साथ 50 लाख रुपये की नकद राशि भी जीती। पहले दिन से ही शो का हिस्सा रहीं मिनी ने शो की आखिरी चुनौती को बड़ी समझदारी से पूरा करके अपनी जीत पक्की की। इस चुनौती में उनकी मानसिक और शारीरिक सहनशक्ति की परीक्षा हुई।

### मिनी माथुर बनीं अलायंस 1 की विनर..

अलायंस सीजन 1 फिनाले में टॉप तीन कंटेस्टेंट्स के बीच एक टास्क हुआ, जिसमें उनकी रणनीति, मजबूती और स्टैमिना की परीक्षा ली गई। आखिर में मिनी माथुर विजेता बनीं। मिनी माथुर ने अपने साथी निखिल चिनापा के साथ इस कॉम्पिटिशन में हिस्सा लिया था और पूरे सीजन के दौरान टीम लेजेंड के साथ बनी रहीं। उन्हें शो के सबसे पसंदीदा कंटेस्टेंट्स में से एक माना जाता था, लेकिन उनके गेम खेलने के तरीके से कुछ साथी कंटेस्टेंट्स गुस्सा भी हुए और उनकी आलोचना भी की। उनका मानना था कि मिनी पूरे टास्क के दौरान डिप्लोमैटिक थीं और गेम में बने रहने के लिए सभी के साथ अच्छी बॉन्ड बनाए रखने की कोशिश करती थीं।

### द अलायंस का पहला सीजन खत्म..

मिनी माथुर ने हेडक्वार्टर में एकमात्र महिला एस बनकर इतिहास भी रचा है, जिससे शो की सबसे मजबूत अलायंस भी बन गई। शो के पहले दिन शुरू हुए इस सफर के बाद मिनी ने फाइनल टास्क जीतकर और 'अलायंस' की पहली विजेता बन छा गई हैं। कुणाल खेमू द्वारा होस्ट किए गए 'अलायंस' से 4 कंटेस्टेंट के बाहर होने के बाद कुशाल टंडन भी गेम से आउट हो गए।

### अलायंस जीतने के बाद मिनी माथुर ने जताई खुशी..

कुशाल टंडन ने मिनी की तारीफ की और उन्हें अलायंस की फर्स्ट लेडी कहा। अपनी जीत के बाद की स्पीच में मिनी ने कहाः

'इन छह हफ्तों में मैंने एक पूरी जिंदगी जी ली है। यह मेरा पहला रियलिटी शो है। इससे पहले मैंने कभी भी किसी ऐसे रियलिटी शो में हिस्सा लेने के बारे में नहीं सोचा था, जिसमें कंटेस्टेंट्स को एक जगह बंद रहना पड़ता है। मैंने हां इसलिए कहा, क्योंकि मुझे स्पोर्ट्स और कॉम्पिटिशन पसंद हैं और मुझे खुशी है कि मेरे कुछ दोस्तों ने मुझे इसके लिए मनाया। मुझे नहीं लगा था कि मैं यहां एक हफ्ते से ज्यादा टिक पाऊंगी, क्योंकि जब लाइफ अच्छी चल रही हो तो आप उसे मुश्किल न बनाने के बहाने ढूंढ़ते हैं, लेकिन कुछ बातें थीं जो मैं खुद को साबित करना चाहती थी और अपनी जिंदगी के बारे में कुछ चीजों पर फिर से सोच रही थी।'

अपनी अलायंस जर्नी के बारे में आगे बात करते हुए, मिनी माथुर ने एक खास मैसेज महिलाओं को भी दिया और कहाः

'लेकिन जब मैं यहां आई तो मुझे सबसे प्यार हो गया। मुझे हर एक कंटेस्टेंट से प्यार हो गया। इस पूरे सफर में उन्होंने मेरी बहुत मदद की है। यह मेरी उम्मीद से कहीं ज्यादा है और मुझे लगता है कि मैंने सारे टास्क गरिमा और शांति के साथ किए हैं। मुझे उम्मीद है कि मुझे देखकर सभी महिलाओं को थोड़ी प्रेरणा मिलेगी, क्योंकि मुझे लगता है कि अब कोई सीमा नहीं है और मैं खुद को और भी आगे ले जाऊंगी।'

## सलमान खान बने मसीहा, असम में बाढ़ से बेघर हुए परिवारों को देंगे 500 नए घर, मदद के लिए बढ़ाया हाथ..

डेस्क जगप्रेरणा।

*बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान असम में आई भयानक बाढ़ से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए आगे आए हैं। वह 'आशियाना – होप बिगिन्स विद ए सेफ शेल्टर' कैंपेन से जुड़े और एक नेक काम करने का फैसला किया है। इस कैंपेन का मकसद उन लोगों को सुरक्षित घर देना है, जिन्होंने बाढ़ में अपने घर खो दिए थे।*



इन बेघर लोगों के लिए भाईजान मसीहा बन गए हैं। हर कोई सोशल मीडिया पर सलमान खान की दरियादिल की तारीफकर रहे हैं और उन्हें रियल लाइफहीरो बता रहे हैं। सलमान खान के चैरिटी के काम की हमेशा चर्चा होती रहती है। वे हमेशा समाज की भलाई के कामों में लगे रहते हैं। कैंसर के मरीजों की मदद करने से लेकर हजारों बच्चों की पढ़ाई का खर्च उठाने तक, सुपरस्टार हमेशा जरूरतमंद की मदद के लिए खड़े रहते हैं।

### सलमान खान असम बाढ़ पीड़ितों को देंगे घर..

'आशियाना - होप बिगिन्स विद ए सेफ शेल्टर' कैंपेन के तहत नेपाली खुटी में निर्माण कार्य पहले ही शुरू हो चुका है। पहले चरण में लगभग 220 सेमी-परमानेंट घर बनकर तैयार हो गए हैं, जिससे कई बेघर परिवारों को रहने के लिए सुरक्षित जगह मिल गई है। इस पहल का लक्ष्य कुल 500 घर बनाना है, जिससे सैकड़ों परिवारों को सुरक्षा, उम्मीद और सम्मान के साथ अपनी जिंदगी फिर से शुरू करने में मदद मिल सके। यह अभियान बाढ़ से प्रभावित लोगों को लंबे समय तक सहायता देने के लिए काम करेगा, जो प्राकृतिक आपदा के कारण बेघर हो गए हैं।

### सलमान खान हैं रियल लाइफ हीरो..

सलमान खान के समर्थन से इस नेक काम पर लोगों का ध्यान गया है और उम्मीद है कि इससे और भी लोग बाढ़ प्रभावित समुदायों की मदद के लिए आगे आएंगे। इस पहल के जरिए असम के कई परिवारों को सुरक्षित और स्थिर माहौल में फिर से जिंदगी का एक नया अध्याय शुरू करने का मौका मिलेगा। यह पहली बार नहीं है, जब वह पीड़ितों की मदद के लिए आगे आए हैं। सुपरस्टार फिल्म इंडस्ट्री के लोगों की भी मदद करने में हमेशा सबसे आगे रहते हैं और हर किसी की निस्वार्थ भाव से मदद करते हैं।

### असम बाढ़ पीड़ितों की इन स्टार्स ने भी की मदद..

असम में बाढ़ से पीड़ितों की मदद के लिए सलमान खान के अलावा कई बॉलीवुड और स्थानीय सितारे भी आगे आए हैं। रणदीप हुड्डा ने वहां पहुंचकर राशन और जरूरी सामान बांटा तो वहीं भूमि पेडनेकर भी राहत कार्यों में जुटे हैं।

## हेड ने लगातार दूसरी बार जीता 'एलन बॉर्डर मेडल' पुरस्कार जीता, एलीट सूची में शामिल हुए..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*ट्रेविस हेड लगातार दूसरी बार 'एलन बॉर्डर मेडल' पुरस्कार जीतने वाले पांचवें खिलाड़ी बन गए और ऑस्ट्रेलिया के सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर के इस प्रतिष्ठित व्यक्तिगत पुरस्कार के लिए कड़े मुकाबले में उन्होंने अपने मित्र एलेक्स कैरी को बेहद मामूली अंतर से पीछे छोड़ा।*



पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलन बॉर्डर से शुक्रवार को यहां आयोजित समारोह में लगातार दूसरा 'एलन बॉर्डर मेडल' पुरस्कार प्राप्त करने के बाद हेड ने 'क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू' से कहा, ''मेरे लिए यह बहुत बड़ा सम्मान और सौभाग्य की बात है कि 'एबी' (एलन बॉर्डर) स्वयं यहां मौजूद थे। पिछले साल श्रीलंका में हुए समारोह की तुलना में यही सबसे बड़ा अंतर था कि इस बार उन्होंने खुद मुझे यह पुरस्कार प्रदान किया।'

उन्होंने कहा, 'यह सोचकर बहुत अच्छा लगता है कि मेरे पास अब दो 'एलन बॉर्डर मेडल' हैं। 20 साल बाद मेरे बच्चे इन्हें देखेंगे और मैं उन्हें इनके बारे में बता सकूंगा। दोनों पुरस्कारों में भारत और इंग्लैंड के खिलाफसीरीज का योगदान होना भी मेरे लिए बेहद खास है।'

29 जनवरी 2025 से आठ जनवरी 2026 तक चली मतदान प्रक्रिया में हेड ने कैरी को केवल एक मत से और तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क को तीन मत से पीछे छोड़ा। हेड अब स्टीव स्मिथ और नाथन लियोन के साथ एक से अधिक बार 'एलन बॉर्डर मेडल' पुरस्कार जीतने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं। लगातार दो वर्षों तक यह पुरस्कार जीतने वाले अन्य खिलाड़ियों में रिकी पोंटिंग, माइकल क्लार्क, डेविड वॉर्नर और शेन वॉटसन शामिल हैं।

मिचेल स्टार्क को दिवंगत महान स्पिनर शेन वॉर्न के पिता कीथ वॉर्न ने 'शेन वॉर्न मेन्स टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर' पुरस्कार प्रदान किया।

मिचेल मार्श को वर्ष का सर्वश्रेष्ठ एकदिवसीय खिलाड़ी चुना गया जबकि टिम डेविड ने 'टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर ऑफ द ईयर' का पुरस्कार जीता। महिला क्रिकेट और पुरुष क्रिकेट टीम के व्यस्त कार्यक्रमों के कारण क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया औपचारिक पुरस्कार समारोह आयोजित नहीं कर सका इसलिए अनाबेल सदरलैंड को फरवरी में 'बेलिंडा क्लार्क मेडल' पुरस्कार प्रदान किया गया।

## कोरिया मास्टर्स के सेमीफाइनल में आमने-सामने होगी अश्मिता और रक्षिता..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*भारत की अश्मिता चालिहा और रक्षिता रामराज ने शुक्रवार को यहां 250,000 अमेरिकी डॉलर इनामी कोरिया मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां वे आमने-सामने होंगी।*




विश्व में 50वें नंबर की खिलाड़ी अश्मिता ने टूर्नामेंट का अब तक का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए क्वार्टर फाइनल के रोमांचक मुकाबले में जापान की विश्व में 22वें नंबर की खिलाड़ी और यहां शीर्ष वरीयता प्राप्त हिना अकेची को 20-22, 21-15, 21-19 से पराजित किया।

इस जीत के साथ ही भारतीय खिलाड़ी ने पिछले साल मलेशिया सुपर 100 में हिना से मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया।

रक्षिता ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए तीसरी वरीयता प्राप्त और हमवतन तन्वी शर्मा को 18-21, 21-19, 21-18 से हराकर उलटफेर किया। यह मुकाबला एक घंटे से अधिक समय तक चला। तन्वी के खिलाफयह उनकी चौथी जीत है। तन्वी ने पिछले सप्ताह ताइपे ओपन में अपना पहला बीडब्ल्यूएफखिताब जीता था। हालांकि कृष्णा प्रसाद गरागा और पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी मलेशिया के मान वेई चोंग और सोह वूई यिक से 7-21, 8-21 से हारने के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गई। हिना ने अच्छी शुरुआत करते हुए 7-5 की बढ़त बना ली, जिसके बाद अश्मिता ने स्कोर 7-7 से बराबर कर दिया। लेकिन भारतीय खिलाड़ी की कुछ गलतियों से जापानी खिलाड़ी ने इंटरवल तक 11-9 की बढ़त हासिल कर ली।

अश्मिता ने हालांकि कड़ी चुनौती पेश की। उन्होंने 12-12 और फिर 15-15 पर स्कोर बराबर कर लिया। इसके बाद उन्होंने 17-15 और 18-16 से बढ़त बना ली। हिना ने हालांकि अच्छी वापसी की और क्रॉस-कोर्ट विनर लगाकर पहला गेम जीत लिया।

दूसरे गेम में अश्मिता ने जोरदार वापसी की। स्कोर 7-7 से बराबर होने के बाद उन्होंने लगातार छह अंक जीतकर 13-7 की बढ़त बना ली। हालांकि हिना ने अंतर को कम करके 14-16 कर दिया, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने संयम बनाए रखा और अगले छह में से पांच अंक जीतकर मैच को निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया।

निर्णायक गेम भी कुछ इसी तरह चला, जिसमें अश्मिता ने 9-3 की बढ़त बना ली और इंटरवल तक 11-9 की बढ़त बरकरार रखी। उन्होंने इसे 18-11 तक पहुंचाया, लेकिन हिना ने जोरदार वापसी करते हुए लगातार छह अंक जीतकर अंतर को 17-18 तक कम कर दिया। अश्मिता ने अंतिम क्षणों में अपना संयम बनाए रखा और यादगार जीत हासिल की।

रक्षिता और तन्वी के बीच भी मुकाबला काफी रोमांचक रहा। पहले गेम में रक्षिता ने 13-8 की बढ़त बना ली, लेकिन तन्वी ने शानदार वापसी करते हुए अगले नौ में से आठ अंक हासिल किए और स्कोर को 8-13 से 16-14 तक ले जाने के बाद गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे और तीसरे गेम में भी दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली।

दोनों ने एक दूसरे से आगे निकलने में कोई कसर नहीं छोड़ी लेकिन तीसरे और निर्णायक गेम के आखिर में तन्वी की तीन गलतियां उन्हें भारी पड़ गईं। रक्षिता ने इसका फायदा उठाकर तीसरा गेम और मैच अपने नाम कर दिया।

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433



जग प्रेरणा
# साहित्य अभिव्यक्ति
■ संपादकीय ■ लेख ■ कविता ■ व्यंग्य ■ महाशब्द पहेली (शब्द ज्ञान)



दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433

## बिना सुई, बिना खून: सांस से होगी डायबिटीज की जांच..

डायबिटीज आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती जीवनशैली संबंधी बीमारियों में से एक है। भारत में करोड़ों लोग इससे प्रभावित हैं और हर वर्ष नए मरीजों की संख्या बढ़ रही है। इस बीमारी की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि कई लोगों को लंबे समय तक पता ही नहीं चलता कि वे मधुमेह से ग्रस्त हैं। समय पर जांच और नियमित निगरानी ही इसके प्रभाव को कम करने का सबसे प्रभावी उपाय है। अब विज्ञान ने इस दिशा में एक नई उम्मीद जगाई है। वैज्ञानिकों ने ऐसा अत्याधुनिक नैनो-सेंसर विकसित किया है जो बिना सुई चुभाए और बिना खून की जांच किए केवल सांस के विश्लेषण से डायबिटीज का संकेत दे सकता है।

मानव की सांस में अनेक प्रकार की गैसें और रासायनिक यौगिक मौजूद होते हैं। जब शरीर में किसी बीमारी के कारण जैव-रासायनिक परिवर्तन होते हैं, तो उनका प्रभाव सांस में निकलने वाले वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों पर भी दिखाई देता है। डायबिटीज के मरीजों में विशेष रूप से एसीटोन की मात्रा बढ़ जाती है। यही परिवर्तन नए नैनो-सेंसर की पहचान का आधार है।

यह नैनो-सेंसर अत्यंत सूक्ष्म स्तर पर एसीटोन जैसी गैसों की सांद्रता का पता लगाने में सक्षम है। व्यक्ति को केवल सेंसर में सांस छोड़नी होगी और कुछ ही क्षणों में परिणाम प्राप्त हो सकता है। यदि तकनीक व्यापक रूप से सफल होती है, तो भविष्य में डायबिटीज की प्रारंभिक जांच पहले से कहीं अधिक सरल, तेज और सुविधाजनक हो जाएगी।

वर्तमान में डायबिटीज की जांच के लिए उंगली से खून निकालकर ग्लूकोज की जांच या प्रयोगशाला में रक्त परीक्षण कराया जाता है। कई लोगों, विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों के लिए बार-बार सुई चुभवाना असुविधाजनक होता है। यही कारण है कि अनेक मरीज नियमित जांच से बचते हैं। सांस आधारित जांच इस समस्या का समाधान प्रस्तुत कर सकती है। यह पूरी तरह गैर-आक्रामक तकनीक है, जिसमें न दर्द होता है और न ही संक्रमण का जोखिम रहता है।

विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह तकनीक बड़े पैमाने पर व्यावहारिक रूप से सफल सिद्ध होती है, तो अस्पतालों, क्लीनिकों, स्वास्थ्य शिविरों और यहां तक कि घरों में भी इसका उपयोग संभव हो सकेगा। इससे ग्रामीण और दूरदराज़ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी आसानी से जांच की सुविधा मिल सकती है।

हालांकि वैज्ञानिक यह भी स्पष्ट कर रहे हैं कि यह तकनीक अभी पारंपरिक रक्त जांच का पूर्ण विकल्प नहीं बनी है। इसे पहले बड़े स्तर पर विभिन्न आयु वर्गों और स्वास्थ्य स्थितियों वाले लोगों पर परखा जाएगा। यदि इसके परिणाम लगातार सटीक पाए जाते हैं, तभी इसे नियमित चिकित्सा पद्धति में शामिल किया जाएगा।

सांस आधारित जांच केवल डायबिटीज तक सीमित नहीं है। दुनिया भर में वैज्ञानिक ऐसी तकनीकों पर काम कर रहे हैं जो सांस के माध्यम से फेफड़ों के रोग, किडनी की समस्याएं, लीवर संबंधी विकार, संक्रमण और कुछ प्रकार के कैंसर की शुरुआती पहचान भी कर सकें। इससे भविष्य में चिकित्सा क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है।

भारत जैसे देश में, जहां डायबिटीज के मरीजों की संख्या बहुत अधिक है, ऐसी तकनीक स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ और किफायती बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। यदि जांच आसान होगी, तो लोग नियमित रूप से अपनी स्वास्थ्य स्थिति की निगरानी कर सकेंगे और बीमारी का समय रहते उपचार शुरू किया जा सकेगा। इससे गंभीर जटिलताओं जैसे हृदय रोग, किडनी फेल होना, आंखों की रोशनी कम होना और तंत्रिका तंत्र की समस्याओं के जोखिम को भी कम किया जा सकेगा।

विज्ञान और नैनो-प्रौद्योगिकी का यह संगम भविष्य की स्वास्थ्य सेवाओं की एक नई तस्वीर प्रस्तुत करता है। बिना दर्द, बिना सुई और बिना खून की जांच के यदि केवल एक सांस से बीमारी का संकेत मिल जाए, तो यह न केवल मरीजों के लिए राहत होगी बल्कि स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए भी एक बड़ी उपलब्धि साबित होगी। आने वाले वर्षों में इस प्रकार की तकनीकें चिकित्सा को अधिक सरल, सुरक्षित और जनसुलभ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं।



डॉ विजय गर्ग
सेवानिवृत्त प्रिंसिपल
मलोट पंजाब

## सावन..

शिव को प्रिय मास सावन।
सारे महिनो में खास सावन।

नृत्य करती बूंदें जल की
बादल बिजली का रास सावन।

चारों तरफहै हरीतिमा छाई
सूखे संकट का वनवास सावन।

खो कर जीवन में सब कुछ
फिर पाने का आभास सावन।

पर्वत के पथरीले सीने में
कोमल भावों का अहसास सावन।

बीजांकुर से पौधे का मौसम
कृषकजनो का मधुमास सावन।

गायन तुलसी की रामायण का
साधु संतों का वर्षावास सावन।

गुड़हल, कनेर, सदाबहार, चमेली
मोगरे की मोहक सुवास सावन।

नागपंचमी पर नागो की पूजा
परदेशी पक्षियों का प्रवास सावन।

हर दिन एक त्योहार नया
नित्य व्यंजनों की मिठास सावन।

रक्षाबन्धन पर भाई से मिलने
लाड़ली बहनों की आस सावन।

कमलेश तिवारी, गोंदिया
8237072533

## बुला रहे है तुम्हे..

वो हरियाली भरे तेढ़े मेढ़े रास्तें
बुला रहे है तुम्हे, बुला रहे है तुम्हे।

नदी का किनारा, कलकल बहती धारा
बुला रही है तुम्हे, बुला रही है तुम्हे।

हरे लहलहाते खेत, वो नदियाँ की रेत।
बुला रही है तुम्हे, बुला रही है तुम्हे।

नदियाँ का ऊंचा घाट, पगडंडी का ठाट।
बुला रहा है तुम्हे, बुला रहा है तुम्हे।

रेल लाईन का रास्ता, आहिस्ता आहिस्ता।
बुला रहा है तुम्हे, बुला रहा है तुम्हे।

वो स्कूल का ग्राऊंड, विद आऊट साऊंड।
बुला रहा है तुम्हे, बुला रहा है तुम्हे।

रचनाकार



चिरंजीव बिसेन
गोंदिया

## मुक्तक..

जात पात के नाम किसी को बाटो मत
धरम कर्म के नाम किसी को काटो मत
हिंदुस्तानी जितने भी है सब तो भाई हैं
मजहब के तुम नाम किसी को छाटों मत

डर लगता है खून की अब तो होली से
डर लगता है कटु कटु सी बोली से
हिंसा की राहों पर तुम क्यूँ चलते हो
डर लगता है बारूद मुझको गोली से

भूल गए क्या जो बुद्ध ने सिखलाया है
सत्य राह ही जिसने हमें दिखलाया है
बाईबिल गीता कुरान
एक सबका सार हुआ
करो जरा सम्मान यही तो बतालाया है

लेखक



किशोर छिपेश्वर
'सागर', बालाघाट

## कांटों संग बस रहे है

कांटों संग बस रहे है
एक-एक चीज़ को तरस रहे है,
फिर भी दिल
खोल के हंस रहे है।
वादा था किसी से महकते रहेंगे,
इसलिए कांटों संग बस रहे है।
हालातों ने वनवास करा दिया,
वर्ना हमारे भी सर दस रहे है।
जिन्हें दर्द में
संजय हंसना सीखाया
वहीं हमारे हाल पर हंस रहे हैं।


लेखक



संजय अश्क
पुलपुट्टा, बालाघाट
9753633830

यदि आप प्रतिदिन दैनिक समाचार पत्र प्राप्त करना चाहते हैं तो कृपया मो. 9329033433 पर संपर्क करें।


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 241



ck;s ls nk;s& 1) गुजरात राज्य की राजधानी 5) धर्म (उर्दू) 8) धोखा, एक जाति 11) दो या अधिक नदियों क मीलन स्थल 14) कैदी,, बंदिवान 16) जो शीघ्र घबड़ाता न हो, विनीत, नम्र 17) शरमाना 19) सुगंधित तंबाकू 20) बड़ा नगर 22) बड़ा, श्रेष्ठ 24) स्वर्ग (उर्दू) 25) मुसीबत आना इस अर्थ का एक मुहावरा 27) भैसा, यम का वाहन 28) विचार, कल्पना 29) रामायण में रावण की राजधानी 30) महाभारत के पांच पांडवों में से एक 31) खोज 33) भाग्य, कार्य 34) चंचल, हिलता हुआ, बहनेवाला द्रव 36) कब्र में गाड़ना 37) लवण 38) बरसात 39) उल्लू 41) प्यार, प्रीति 42) प्राचीन कालीन पिषध देश का राजा जो दमयंति का पति था 43) फंदे में लटकाना, कहानी 44) वंश, खानदान 45) अंग्रेजी में रंग 46) गौतम बुद्ध के पूर्व जन्म की कथाओं को दिया गया नाम 47) दी गई अवधि I 49) सिर 50) टालमटोल 52) मसाले में प्रयुक्त की जानेवाली एक वस्तु 54) माधुर्य 55) मुख्य नायक, मुखिया 57) रात, निशा 58) कभी कभी 60) बुरी इच्छा, बुरी कामना 62) एक लचीला पदार्थ 64) आराम, सुख 67) जो उबड़खाबड़ न हो, जिसपर पैर फिसलने की संभावना हो 68) वास्तव में 70) एक प्रसिद्ध बाल कथा का नायक जो जहाजी था और उसने जोखिम युक्त सात समुद्र की सफर की थी 72) सहमत 73) एक तालवाद्य 75) रत्न 77) हवा के झोंके से इधर उधर डोलना 78) पर्वत, वस्तु 79) हमेशा 81) पंचायत का सदस्य 83) गीला 84) तकलीफ 86) बहुत ही थोड़े अंतर से किसी दुर्घटना आदि से बचना अर्थवाला एक मुहावरा 88) सम्मान, परिमाण 90) स्याही रखने का पात्र 92) अविस्मरणीय, स्मारक 94) अभाव, न्यूनता 95) शरीफा, एक फल 97) बेल 98) शांति, चैन 100) मुस्लिमों ने की हुई मक्केमदिने की यात्रा 102) स्त्रियोंद्वारा प्रयुक्त एक संबोधन 103) गुमाना, खो देना 104) वास करना 105) हालांकि 106) सप्ताह का एक दिन 108) नींद से उठना, निद्रा का त्याग करना 110) ठोकर, घाव, आघात 111) पहरेदार 112) बारह राशियों में से एक 113) प्रसिद्ध 'रामचरित मानस' के रचयिता 114) चार धामों में से एक 115) बांझ 116) शव, मृतदेह

Åij ls uhps& 1) हमारे राष्ट्रपिता का कुलनाम 2) धैर्य रखने का परिणाम अच्छा होता है इस अर्थ का एक मुहावरा 3) अशुद्ध, जो ठीक न हो 4) छुट्टी 6) मुसलमानोंद्वारा श्रेष्ठ या पूज्य व्यक्तियों के लिए एक संबोधन या उपाधि 7) पंजाब राज्य के एक मुख्यमंत्री का कुलनाम जो अकाली दल के एक प्रमुख नेता भी थे 9) खींचतान 10) प्रतिमाह 12) दुःख, शोक 13) महर्षी वेद व्यासजीद्वारा रचित एक महाकाव्य 15) दिया 18) आन्ध्र प्रदेश का एक प्रसिद्ध एवं सबसे बड़ा जलाशय 21) दयालू 23) अनोखा, आश्चर्य 26) जन्म लेना, उत्पन्न होना 29) ब्रिटेन की राजधानी 32) पुरानी फिल्म 'अंकूर' और 'पार' की नायिका 34) उसी समय 35) कीर्तिमान होना अर्थ का एक मुहावरा 40) बड़ी दुर्घटना 41) भूत 44) मकान 45) दासी 46) एक पुराना प्रसिद्ध हास्य अभिनेता, यहीं नाम एक शराब उत्पादन का भी है 48) फिलीस्तीनी मुक्ति संगठन के एक प्रमुख नेता 49) देश की सीमा 51) मां की मां 53) ओठ 55) आसान 56) कुछ साल पूर्व दूरदर्शन पर प्रसारित धारावाहिक रामायण में हनुमानजी की भूमिका करनेवाले अभिनेता 59) माघ शुक्ला पंचमी 61) अनादि, चिरन्तन 63) स्थायी रुप से निवास करना 65) नष्ट 66) शर्त, दांव 68) एक दल से दूसरे दल में जाना 69) ठहर, वास कर 71) राज सभा 72) अचूक (उपाय) 74) बचे रहना, बाकी रहना 76) वंदन, नमस्कार 78) जिसका नाश हुआ हो, ध्वस्त 80) समूह 82) सौतेली मां 84) सौगंध, शपथ 85) बेसुध I 87) अजा 89) घृणा, तिरस्कार 91) झरोखा 93) एक किस्म का मीठा कंद 95) छाती 96) लहरदार 98) बल्कि 99) एक प्रसिद्ध गुजराती संत का नाम 101) सतर्क 102) यतीम, जिसका कोई पालनकर्ता न हो 103) दोष, बुराई 107) प्रस्थान, कहीं से चलने की अनुमति 109) ईख 110) तस्करी 111) शाम, सायंकाल (जवाब अगले अंक में)

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691





जग प्रेरणा
# व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

## हरियाणा ऊर्जा विभाग के कर्मचारियों की प्रस्तावित हड़ताल पर श्रमिक संगठनों के साथ बातचीत जारीः विज..

**चंडीगढ़, (भाषा)।**

***हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने शुक्रवार को कहा कि 11-13 अगस्त तक प्रस्तावित तीन दिन की हड़ताल को लेकर ऊर्जा विभाग के श्रमिक संगठनों के साथ बातचीत चल रही है। उन्होंने भरोसा जताया कि सरकार उन्हें अपना फैसला वापस लेने के लिए मना लेगी।***

विज ने बताया कि हाल ही में ऊर्जा विभाग के कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों को विस्तार से बातचीत के लिए बुलाया गया था, जिसमें वे विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शामिल हुए थे।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि श्रमिक संगठनों ने मुख्य रूप से तीन मांगें रखी थीं। पहली मांग यह थी कि समानांतर वितरण लाइसेंस देकर बिजली वितरण का निजीकरण नहीं किया जाना चाहिए। इस चिंता का जवाब देते हुए मंत्री ने बताया कि यह मामला हरियाणा विद्युत नियामक आयोग (एचईआरसी) के पास है, जो एक स्वायत्त वैधानिक निकाय है और ऊर्जा विभाग के अधीन काम नहीं करता है।

विज ने स्पष्ट किया कि समानांतर बिजली वितरण लाइसेंस के लिए आवेदन सीधे एचईआरसी को दिया गया था, न कि ऊर्जा विभाग के माध्यम से।

एक सरकारी बयान के अनुसार, विज ने कहा कि आयोग अभी इस मामले की सुनवाई कर रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने एचईआरसी के सामने निजीकरण का औपचारिक रूप से विरोध किया है और विभागीय अधिकारियों ने सरकार द्वारा मंजूर दस्तावेजों के आधार पर कार्यवाही के दौरान सरकार की आपत्तियां रिकॉर्ड पर रखी थीं। इस स्पष्टीकरण के बाद, बैठक के दौरान यह मुद्दा सुलझा लिया गया था।

स्मार्ट मीटर से जुड़ी दूसरी मांग का जिक्र करते हुए विज ने कहा कि इस परियोजना के लिए अभी तक कोई निविदा जारी नहीं की गयी है। उन्होंने कहा, ''चूंकि अब तक कोई निविदा जारी नहीं की गई है, इसलिए यह चिंता भी दूर हो गई।''

प्रस्तावित 'एग्री-डिस्कॉम' के बारे में यूनियनों की तीसरी मांग पर ऊर्जा मंत्री ने कहा कि हालांकि मुख्यमंत्री ने विधानसभा सत्र के दौरान इस प्रस्ताव का जिक्र किया था, लेकिन इस मामले पर उनके और मुख्यमंत्री के बीच अभी तक कोई बातचीत नहीं हुई है। इसलिए, उन्होंने कहा, भविष्य की कार्रवाई पर कोई भी टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी।

विज ने कहा कि ये स्पष्टीकरण मिलने के बाद श्रमिक संगठन शुरू में सहमत हो गए थे और ऐसा लग रहा था कि मुद्दे सुलझ गए हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि बैठक के बाद 'कुछ शरारती तत्वों' ने कथित तौर पर उन्हें गुमराह किया, जिसके बाद हड़ताल की घोषणा की गई।

इसके बावजूद, मंत्री ने कहा कि सरकार बातचीत के लिए प्रतिबद्ध है। ''श्रमिक संगठनों के साथ हमारी बातचीत जारी है। आज भी ऊर्जा विभाग के अधिकारियों ने उनसे बातचीत की और मुझे पूरा भरोसा है कि हम कर्मचारियों को मनाने में सफल हो जाएंगे।''

## मेटा की टीम के साथ सरकार की लगातार तीसरे दिन बैठक, तकनीकी बिंदुओं पर चर्चा




**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***केंद्र सरकार ने वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी मेटा की टीम से दो दिन की कड़ी पूछताछ के बाद शुक्रवार को तकनीकी स्तर पर विस्तृत चर्चा की, जिसमें डीपफेक, बाल यौन शोषण सामग्री (सीएसएएम) और बिना लेबल वाले एआई-जनित सामग्री पर कंपनी की कार्ययोजना पर विशेष ध्यान रहा।***

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, मेटा की टीम ने इन समस्याओं से निपटने के तरीकों के बारे में बताया जबकि सरकार ने कंपनी को ठोस कदम उठाकर परिणामों की रिपोर्ट देने को कहा है। अधिकारियों ने कहा कि फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया मंचों का संचालन करने वाली कंपनी की इन मामलों में प्रगति की नियमित समीक्षा की जाएगी।

बैठक में यह मुद्दा प्रमुखता से उठा कि निर्दिष्ट किए जाने के बावजूद एआई-जनित हानिकारक सामग्री दोबारा सामने आ जाती है और तेजी से फैलती है। सरकार ने यह भी पूछा कि आईटी नियमों के बावजूद बिना लेबल वाले कृत्रिम ढंग से तैयार वीडियो मंच पर क्यों बने रहते हैं।

सरकार ने 'कंटेंट मॉडरेशन' में अधिक मानवीय निगरानी, भारतीय भाषाओं की बेहतर समझ और स्थानीय संदर्भों को ध्यान में रखने की जरूरत पर जोर दिया।

सूत्रों ने कहा कि अगले सप्ताह इन मुद्दों पर एक और बैठक होने की संभावना है।

इससे पहले सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दो दिनों की बैठक में मेटा के वैश्विक मामलों के प्रमुख जोएल काप्लान की अगुवाई वाली टीम से कंटेंट एल्गोरिद्म और भारतीय कानूनों के अनुपालन पर सवाल किए थे।

तीसरे दिन हुई बैठक में कंपनी के प्रस्तावित उपायों पर तकनीकी रूप से गहराई से चर्चा हुई।

मेटा ने आईटी मंत्रालय के अधिकारियों को अपने सिस्टम की कार्यप्रणाली समझाते हुए कहा कि डीपफेक, सीएसएएम और बॉट्स खातों से निपटने के लिए उसके पास समाधान हैं और उन्हें लागू करने की योजना तैयार है। कंपनी ने पहले 'गंभीर मुद्दों' को स्वीकार करते हुए लगातार सुधारात्मक कदम उठाने का भरोसा दिलाया था।

सरकार ने स्पष्ट किया कि उसका उद्देश्य सेंसरशिप नहीं, बल्कि भारतीय कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित करना है। साथ ही, कंपनी पर लगातार दबाव बनाए रखा जाएगा कि वह ठोस और निरंतर सुधार करे।

मेटा के साथ सरकार की यह बैठक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फेसबुक पोस्ट पर अस्थायी रोक के बाद बुलाई गई थी। हालांकि मेटा ने प्रधानमंत्री की पोस्ट को एआई आधारित कंटेंट फिल्टर की गलती मानते हुए बहाल कर दिया था और माफी मांगी थी।

## शिकागो एक्सचेंज में तेजी से सोयाबीन तेल-तिलहन में सुधार



**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***शिकागो एक्सचेंज में मजबूती के बीच शुक्रवार को सोयाबीन तेल-तिलहन के दाम में तेजी रही। बड़ी पेराई मिलों द्वारा खरीद दाम बढ़ाये जाने के कारण सरसों तेल-तिलहन तथा कम उपलब्धता के बीच औद्योगिक***

मांग बढ़ने से बिनौला तेल में भी सुधार रहा। बाजार सूत्रों के अनुसार, वहीं कमजोर कामकाज के बीच मूंगफली तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल के दाम स्थिर रहे। मलेशिया एक्सचेंज में कारोबार स्थिर रुख के साथ बंद हुआ। शिकॉगो एक्सचेंज में बृहस्पतिवार रात भी सुधार था और अभी इसमें सुधार जारी है।

सूत्रों ने कहा कि सॉफ्ट आयल (नरम तेलों) में सोयाबीन अभी सस्ता है जिसपर बाजार की मांग को पूरा करने का दबाव है। त्योहारों की मांग भी सोयाबीन तेल ही पूरी कर रहा है। सोयाबीन तेल, सूरजमुखी तेल से 20-25 रुपये किलो सस्ता है। जबकि सोयाबीन तेल, सरसों से 18-20 रुपये किलो, मूंगफली तेल से 20 रुपये किलो और बिनौला से 15 रुपये किलो सस्ता है। सस्ता होने की वजह से सोयाबीन तेल की मांग है जो सोयाबीन तेल-तिलहन में सुधार आने का मुख्य कारण है।

उन्होंने कहा कि बड़े तेल मिलों द्वारा सरसों का खरीद दाम बढ़ाने के कारण सरसों तेल-तिलहन में भी सुधार आया। कम उपलब्धता के बीच औद्योगिक मांग में तेजी की वजह से बिनौला तेल के दाम में भी सुधार दिखा। कमजोर कामकाज के बीच मूंगफली तेल-तिलहन, पाम-पामोलीन तेल के दाम स्थिर रहे।

सूत्रों ने कहा कि प्लांट वालों द्वारा किसानों से सस्ते में फसल खरीदने के लिए सटोरियों की तरह सट्टेबाजी करने और दाम कम बोलने और गलत अनुमान पेश कर किसानों को हतोत्साहित करने जैसे प्रयास नहीं करने चाहिये। किसानों को हतोत्साहित करना फसल उत्पादन बढ़ाने के मकसद पर भी चोट कर सकता है। जिम्मेदार संस्थाओं को भी इस तरह के प्रयासों को नियंत्रित करने के प्रयास करने होंगे।

### तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे..

सरसों तिलहन - 8,300-8,350 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली - 7,275-7,850 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 16,850 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,665-2,965 रुपये प्रति टिन।

सरसों तेल दादरी- 16,775 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों पक्की घानी- 2,730-2,830 रुपये प्रति टिन।

सरसों कच्ची घानी- 2,730-2,880 रुपये प्रति टिन।

सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 15,750 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 15,600 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 12,150 रुपये प्रति क्विंटल।

सीपीओ एक्स-कांडला- 13,800 रुपये प्रति क्विंटल।

बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 16,850 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,650 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन एक्स- कांडला- 14,400 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।

सोयाबीन दाना - 7,225-7,275 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन लूज- 7,075-7,175 रुपये प्रति क्विंटल।

## विस्तृत जांच में ई-20 पेट्रोल की गुणवत्ता तय मानकों के भीतर पाई गईः तेल कंपनियां..




**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***सार्वजनिक तेल कंपनियों ने शुक्रवार को कहा कि देशभर में की गई विस्तृत जांच में ई-20 पेट्रोल में नमी या क्लोराइड प्रदूषण के दावों की पुष्टि नहीं हुई है और ईंधन गुणवत्ता तय मानकों के भीतर पाई गई है।***

यह जांच हाल में मीडिया में आई खबरों के बाद तेज की गई थी जिनमें 20 प्रतिशत एथनॉल के मिश्रण वाले ई-20 पेट्रोल में नमी और क्लोराइड पाए जाने की बात कही गई थी।

इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने एक संयुक्त बयान में कहा कि समूची आपूर्ति शृंखला में की गई इस जांच से यह पुष्टि हुई कि ईंधन की गुणवत्ता लगातार निर्धारित मानकों के भीतर रही।

तेल कंपनियों ने स्पष्ट किया कि जांच में किसी भी तरह के प्रदूषण का कोई ठोस प्रमाण नहीं मिला है। बयान के मुताबिक, रिफाइनरी से लेकर पेट्रोल पंप तक समूची आपूर्ति शृंखला में ईंधन गुणवत्ता की सख्त निगरानी की जा रही है। पेट्रोल पंपों पर रोजाना 8-12 बार पानी की मिलावट एवं घनत्व की जांच हो रही है और इसके साथ मोबाइल लैब से भी परीक्षण किए जा रहे हैं। जांच में पेट्रोल के 100 से अधिक नमूनों में क्लोराइड स्तर 1 पीपीएम या उससे कम पाया गया। वहीं, डिस्टिलरी और खुदरा स्तर के नमूनों में यह 3 पीपीएम से नीचे रहा, जो ÷कई सौ पीपीएम÷ के दावों के विपरीत है। पीपीएम (पार्ट्स पर मिलियन) का मतलब है कि किसी पदार्थ में किसी तत्व की मात्रा प्रति दस लाख हिस्सों में कितनी है। निगरानी के दौरान केवल दो अलग-थलग मामलों में उच्च स्तर मिला, जिनमें तुरंत आपूर्ति रोककर ईंधन जांच शुरू की गई। देशभर के करीब 90,000 पेट्रोल पंपों पर टैंकों की जांच में अब तक पानी की मिलावट का कोई मामला सामने नहीं आया है। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भी कहा कि ई20 ईंधन सुरक्षित है और कुछ दावों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है। सरकारी तेल कंपनियों ने उपभोक्ताओं से पूरे भरोसे के साथ ई-20 पेट्रोल का उपयोग जारी रखने की अपील की है।

## ओडिशा को खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में 27 कंपनियों से मिले 41,748 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव..



**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने शुक्रवार को कहा कि राज्य को खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में 27 कंपनियों से 41,748 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। राज्य सरकार और***

उद्योग मंडल एसोचैम द्वारा आयोजित निवेशक सम्मेलन में इन कंपनियों ने समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। माझी ने कहा, ''22 कंपनियों के साथ 31,648 करोड़ रुपये के एमओयू पर आज हस्ताक्षर हुए हैं, जो इस क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने की दिशा में हमारी प्रगति का प्रमाण हैं।''

बाद में ओडिशा सरकार ने एक बयान जारी कर समझौतों के तहत निवेश के ताजा आंकड़ें जारी किए। इसमें कुल निवेश प्रस्ताव 41,748 करोड़ रुपये बताया गया, जबकि 12 निवेश आशय फॉर्म (आईआईएफ) के जरिए 1,689 करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश का प्रस्ताव है।

राज्य सरकार को पहले दिन कुल मिलाकर 43,437 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले, जिनसे 43,316 नौकरियां सृजित होने की संभावना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लंबे समय तक ओडिशा की औद्योगिक अर्थव्यवस्था खनन और खनिजों पर आधारित रही, लेकिन अब राज्य खाद्य एवं कृषि प्रसंस्करण सहित चार प्रमुख क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय से सीधे जुड़े होने के कारण खाद्य प्रसंस्करण सरकार की प्राथमिकता में है। राज्य सरकार सभी जिलों में इस क्षेत्र को बढ़ावा दे रही है और निवेशकों को प्रोत्साहित करने के लिए अलग नीति लागू की गई है।

माझी ने कहा कि नीति आयोग के निवेश-अनुकूल सूचकांक में ओडिशा शीर्ष पांच राज्यों में शामिल है और सरकार कारोबारी प्रक्रियाओं को अधिक समावेशी बनाने पर काम कर रही है।

राज्य के उद्योग मंत्री संपद चंद्र स्वैन ने कहा कि ओडिशा में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं और सरकार निवेशकों को परियोजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन में हरसंभव सहयोग देगी।

मुख्य सचिव अनु गर्ग ने कहा कि वर्तमान में 130 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला ओडिशा वर्ष 2036 तक 500 अरब डॉलर और 2047 तक 1,500 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहा है।

## खराब गुणवत्ता का 'फोर्टिफाइड' सूरजमुखी तेल बेचने के लिए एडब्ल्यूएल एग्री पर जुर्माना

**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने पोषक तत्वों से समृद्ध किये गये (फोर्टिफाइड) खराब गुणवत्ता के फॉर्च्यून सूरजमुखी खाद्य तेल बनाने और बेचने के मामले में खाद्य तेल कंपनी एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड पर जुर्माना लगाया है।***

अहमदाबाद स्थित एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड 'फॉर्च्यून' ब्रांड के तहत खाद्य तेल बेचती है। वर्ष 2025-26 में कंपनी का कारोबार 74,730.67 करोड़ रुपये का था।

यह कार्रवाई नियामक द्वारा गोवा से लिए गए एक नमूने के प्रयोगशाला परीक्षण में 'विटामिन डी' का स्तर निर्धारित सीमा से काफी कम पाए जाने के बाद की गई है।

एफएसएसएआई ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर लिखा कि इस मामले में एक आदेश पारित किया गया है और कंपनी पर जुर्माना लगाया गया है।

नियामक ने कहा कि यह आदेश एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड (मैंगलोर) के खिलाफ खराब गुणवत्ता वाला फोर्टिफाइड खाद्य तेल बनाने और विपणन करने के मामले में पारित किया गया है।

फोर्टिफाइड सूरजमुखी खाद्य तेल वह तेल होता है जिसमें पोषण बढ़ाने के लिए विटामिन ए और विटामिन डी जैसे अतिरिक्त पोषक तत्व मिलाए जाते हैं।

यह कार्रवाई तब की गई जब नियामक ने पाया कि गोवा से लिया गया एक नमूना प्रयोगशाला परीक्षण में विफल हो गया, क्योंकि उसमें विटामिन डी का स्तर तय सीमा से काफी कम था।

एफएसएसएआई ने बताया कि एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड (मंगलुरु) के खिलाफ 'घटिया गुणवत्ता का फोर्टिफाइड खाद्यतेल (फॉर्च्यून 'प्रायोला' रिफाइंड सूरजमुखी के बीज का तेल) बनाने और बेचने' के लिए यह आदेश जारी किया गया है।

उल्लंघनों का विवरण साझा करते हुए एफएसएसएआई ने बताया कि एक लीटर के फॉर्च्यून 'प्रायोला' रिफाइंड सूरजमुखी तेल (सीड) ताज फोर्ट अगुडा रिजॉर्ट एंड स्पा, गोवा से एकत्र किया गया था।

प्राथमिक खाद्य प्रयोगशाला की जांच में पाया गया कि यह फोर्टिफाइड खाद्य तेल खाद्य सुरक्षा एवं मानक विनियमन, 2018 के तहत निर्धारित मानकों पर खरा नहीं उतरा।

एफएसएसएआई ने कहा कि उत्पाद में विटामिन ए और विटामिन डी का स्तर निर्धारित सीमा से कम था। इस कारण इसे खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 3(1)(जेडएक्स) के तहत मानक से कम गुणवत्ता वाला घोषित किया गया।

कंपनी की अपील पर नमूने की जांच रेफरल प्रयोगशाला में कराई गई, जिसमें भी विटामिन डी का स्तर निर्धारित सीमा से काफी कम होने की पुष्टि हुई। इसके बाद केंद्रीय लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने अभियोजन चलाने की मंजूरी दी और मामले की सुनवाई के लिए आवेदन दायर किया गया।

हालांकि, एफएसएसएआई ने जुर्माने की राशि का खुलासा नहीं किया।

कंपनी ने कहा कि वह उचित कानूनी उपाय करेगी। साथ ही उसने दोहराया कि वह एफएसएसएआई के नियमों का पूरी तरह से पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

पिछले कुछ महीनों में, एफएसएसएआई ने अपने कानूनों और नियमों का उल्लंघन करने वाले खाद्य व्यवसाय परिचालकों (एफबीओ) और ई-कॉमर्स मंचों के खिलाफसख्त कार्रवाई की है।

एनर्जी ड्रिंक और शराब बनाने वाली कंपनियां भी नियामक की नजर में आ गई हैं।



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# शिक्षा की अलख जगाने दूरस्थ अंचल के बच्चों को कॉपी स्टेशनरी का वितरण

## आदर्श युवा समिति का एक कदम शिक्षा की ओर..








जगप्रेरणा लांजी।

***समाज सेवा और शिक्षा के प्रति समर्पण का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए आदर्श युवा शक्ति समिति, ग्राम पंचायत दुलापुर के युवाओं ने गुरुवार को***

'एक कदम शिक्षा की ओर' अभियान के अंतर्गत लांजी तहसील के अतिपिछड़े एवं दुर्गम आदिवासी क्षेत्र के ग्राम दखनीटोला, बरगुड़ (सतोना), सायर एवं टेमनी के शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को कॉपी, पेन, पेंसिल, रबर एवं कटर सहित आवश्यक स्टेशनरी सामग्री वितरित की।

समिति के सदस्यों ने बच्चों को टॉफ्रियां वितरित कर शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला तथा उन्हें नियमित अध्ययन, अनुशासन और बेहतर भविष्य के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही विद्यालय परिसरों एवं आसपास के क्षेत्रों में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा ग्रामीणों के बीच पौधरोपण एवं हरियाली बढ़ाने को लेकर जनजागरूकता अभियान भी चलाया। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इन दूरस्थ गांवों के विद्यालयों एवं ग्रामीणों की सामाजिक एवं शैक्षणिक स्थिति अभी भी चुनौतीपूर्ण है।

ऐसे में बच्चों तक शैक्षणिक सामग्री पहुंचाकर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक करना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम दुलापुर के ग्रामवासियों तथा आदर्श युवा शक्ति समिति के सभी सदस्यों का उल्लेखनीय सहयोग रहा।

इस अभियान में समिति के अध्यक्ष संजय धारणे, सचिव टूमन घोरमारे, सरपंच ताराचंद कुचलाहे, शंकरलाल बरगैया, अतुल हनोते, चमरुलाल श्यामकुवर, चंद्रशेखर दुरुगकर, डॉ. अजय साकुलकर, सेवकराम नारनौरे, संजय हनोते, जीतेन्द्र बम्बूरे, धर्मेंद्र धारणे, दीनदयाल सिरामे, सुमित टांडेकर, सदन झगराहे, अमित टांडेकर, नन्दलाल बरगैया, अजय घोरमारे, इरफान खान, संजय बरगैया, चैतेन्द्र बम्बूरे, मनीष बरगैया, रवि नारनौरे, उत्तम धारणे, मुकेश साकुलकर, भूपेश साकुलकर, डॉ. ओमप्रकाश नेवारे, भूपेश सोनवाने, कैलाश नेवारे, योगेश पिपरेवार, शत्रुघ्न नेवारे, माना समाज महिला समिति दुलापुर, रोहित घोरमारे, परशुराम धारणे, रितेश वाकड़े, चेतन घोरमारे, मोहन कुचलाहे, विजय भोंडेकर, अनाराम कलपुरे, चन्द्रकुमार नागवंशी, शंकर चौधरी, रविकुमार खोब्रागड़े, रविंद्र धारणे, ढालेन्द्र कुमार घोरमारे, दुर्गेश मचगैया, संतोष घोरमारे, अशोक सोनवाने, टीकाराम नेवारे, लीवेश घोरमारे, अंकित नागवंशी, साहूलाल नागेश्वर, चमन वाकड़े, देवाजी वाकड़े, भागवत धारणे, डुलेश्वर हरदे, घनश्याम सोनवाने, नरेन्द्र सोनवाने एवं गणेश धारणे ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम के अंत में समिति ने सभी सहयोगकर्ताओं, ग्रामवासियों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण एवं समाजहित के ऐसे जनकल्याणकारी अभियान निरंतर संचालित करने का संकल्प व्यक्त किया। ग्रामीणों एवं शिक्षकों ने समिति के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियान दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चों के भविष्य को नई दिशा देने के साथ समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी मजबूत करते हैं।

# उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर में 'मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान' का भव्य शुभारंभ..

## संवाद से समाधान और विश्वास से विकास का संकल्प..







जगप्रेरणा किरनापुर।

***जनपद पंचायत किरनापुर अंतर्गत उत्कृष्ट विद्यालय के सभा हाल व परिसर में 7 अगस्त 2026 को 'मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान: संवाद से समाधान, विश्वास से***

विकास' कार्यक्रम का गरिमामयी आयोजन बालाघाट जिला कलेक्टर कुमार सत्यम की उपस्थिति में किया गया। यह अभियान अगस्त 2026 से जनवरी 2027 तक निरंतर संचालित किया जाएगा, जिसका मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करना और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की पहुंच अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित करना है।

### जनसमस्याओं का मौके पर ही निराकरण..

आयोजन के दौरान विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहां ग्रामीण एवं शहरी अंचल से पहुंचे नागरिकों ने अपनी शिकायतें, मांगें और आवेदन प्रस्तुत किए। विभागीय अधिकारियों द्वारा प्राप्त आवेदनों पर तत्काल संज्ञान लेते हुए कई प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष आवेदनों को समयसीमा में निराकृत करने हेतु दर्ज किया गया।

### योजनाओं के लाभ का वितरण..

कार्यक्रम में शासन की विभिन्न हितग्राही योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभ पत्र, वितरण किया गया। अधिकारियों व उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि 7 अगस्त से जनवरी 2027 तक चलने वाले इस लंबे अभियान के तहत जनपद की प्रत्येक पंचायत और वार्ड स्तर पर संवाद स्थापित कर विकास कार्यों को गति दी जाएगी।

जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की रही उपस्थिति-जन संवाद कार्यक्रम में विधायक लांजी किरनापुर श्री राजकुमार कर्राहे ने क्षेत्र वासियों की समस्या को सुना एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को समय सीमा में त्वरित निराकरण करने हेतु निर्देश दिए गए। साथ ही उन्होंने राजस्व के अधिकारीयों कर्मचारियों को जनता से पैसे न लेने की हिदायत भी दी कहा कि मेरे पास जनता की बहुत सी शिकायत पैसे को लेकर आती है।

कार्यक्रम में जिला प्रशासन स्तरीय अधिकारी स्थानीय जनप्रतिनिधि, जनपद पंचायत किरनापुर के प्रशासनिक अधिकारी, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण, विभिन्न विभागों के कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जहरीले सांप के काटने से महिला की मौत..

## देरी से पहुंचने के कारण हुई मृत्यु..





जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी थाना क्षेत्र के ग्राम सीतापाला में शुक्रवार को सर्पदंश की घटना में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान मंगरीबाई पति बैसाखु मसराम के रूप में हुई है।***

परिजनों के अनुसार महिला को जहरीले सांप ने काट लिया था। घटना के करीब तीन घंटे बाद उसे उपचार के लिए सिविल अस्पताल लांजी लाया गया। जानकारी के मुताबिक अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने महिला का तत्काल प्राथमिक उपचार शुरू किया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने बेहतर उपचार के लिए उसे उच्च स्वास्थ्य केंद्र रेफर करने की सलाह दी। गंभीर स्थिति को देखते हुए महिला को शीघ्र रेफर करने के लिए अस्पताल की ओर से एंबुलेंस की व्यवस्था भी कराई गई, ताकि उसे समय रहते आगे का उपचार मिल सके। हालांकि उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। मृतका के पुत्र युवराज ने बताया कि उनकी मां ने स्वयं सांप के काटने की जानकारी परिजनों को दी थी। परिजनों के अनुसार जिस सांप ने महिला को काटा था, उसे मौके पर ही मार दिया गया था। इसके बाद महिला को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलने पर लांजी पुलिस सिविल अस्पताल पहुंची और आवश्यक पंचनामा कार्रवाई की। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मृत्यु के कारणों की स्थिति अंतिम रूप से स्पष्ट हो सकेगी। सर्पदंश की स्थिति में समय पर उपचार बेहद महत्वपूर्ण है। ऐसे मामलों में देरी न करते हुए तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचना आवश्यक है।

# मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत देवगांव आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण..

## जिला कार्यक्रम अधिकारी देवेंद्र सुन्द्रियाल ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा..





जगप्रेरणा किरनापुर।

***मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री देवेंद्र सुन्द्रियाल ने शुक्रवार को किरनापुर विकासखंड के ग्राम***

देवगांव स्थित आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी ने आंगनवाड़ी केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा केंद्र में संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं एवं केंद्र की कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

श्री सुन्द्रियाल ने आंगनवाड़ी केंद्र की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने तथा बच्चों एवं हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होंने केंद्र से संबंधित आवश्यक अभिलेखों एवं व्यवस्थाओं की भी जानकारी ली और विभागीय कार्यों को निर्धारित मापदंडों के अनुसार संचालित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत किए जा रहे इस निरीक्षण का उद्देश्य मैदानी स्तर पर शासकीय सेवाओं की स्थिति का जायजा लेना तथा योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना है।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे. मो. 9329033433

# मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत ग्राम बोदालझोला पहुंचे मुख्य वन संरक्षक गौरव चौधरी

## ग्रामीणों से किया सीधा संवाद, समस्याओं और आवश्यकताओं की ली जानकारी..







जगप्रेरणा किरनापुर।

***मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के अंतर्गत बालाघाट के मुख्य वन संरक्षक श्री गौरव चौधरी ने शुक्रवार को ग्राम***

बोदालझोला का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं स्थानीय विषयों की जानकारी ली। ग्राम पहुंचने पर मुख्य वन संरक्षक श्री चौधरी ने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए उनकी बातों को गंभीरता से सुना। उन्होंने ग्रामीणों द्वारा सामने रखी गई समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली तथा संबंधित विषयों पर आवश्यक कार्रवाई के लिए अधिकारियों से समन्वय की बात कही। इस दौरान वन विभाग से संबंधित विषयों पर भी ग्रामीणों के साथ संवाद किया गया। मुख्य वन संरक्षक ने कहा कि मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान का उद्देश्य प्रशासन एवं ग्रामीणों के बीच सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को समझना और उनके निराकरण की दिशा में प्रभावी पहल करना है। भ्रमण के दौरान वन मंडलाधिकारी श्री नित्यानंदम एल भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ संवाद कर स्थानीय स्तर पर सामने आने वाले विषयों की जानकारी प्राप्त की। ग्राम बोदालझोला में अधिकारियों के पहुंचने से ग्रामीणों को अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों के समक्ष रखने का अवसर मिला।

# मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत पशु चिकित्सा सेवाओं का निरीक्षण

## उप संचालक डॉ. अरुण नेमा ने गौशाला, पशु औषधालय, कृत्रिम गर्भाधान से उत्पन्न बछड़ों एवं चलित पशु चिकित्सा इकाई का लिया जायजा..





**जगप्रेरणा किरनापुर।**

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के अंतर्गत उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. अरुण नेमा ने शुक्रवार को किरनापुर विकासखंड में पशु चिकित्सा विभाग से संबंधित विभिन्न संस्थाओं एवं गतिविधियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पिपरझरी स्थित मधुवन गौशाला, किरनापुर के पशु औषधालय, कृत्रिम गर्भाधान से उत्पन्न बछड़ों तथा ग्राम रमगढ़ी में संचालित चलित पशु चिकित्सा इकाई का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान डॉ. नेमा ने मधुवन गौशाला में पशुओं की व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा गौशाला में उपलब्ध सुविधाओं एवं पशुओं की देखभाल से संबंधित व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने पशुओं के लिए आवश्यक देखभाल, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्थाओं पर जानकारी प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने किरनापुर स्थित पशु औषधालय का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध पशु चिकित्सा सेवाओं एवं विभागीय व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने पशुपालकों को समय पर उपचार एवं आवश्यक पशु चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

डॉ. नेमा ने किरनापुर में कृत्रिम गर्भाधान के माध्यम से उत्पन्न बछड़ों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम के माध्यम से पशुधन की गुणवत्ता सुधारने के प्रयासों की जानकारी ली तथा पशुपालकों को पशुओं के बेहतर पालन-पोषण के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिए।

### चलित पशु चिकित्सा इकाई का भी निरीक्षण..

ग्राम रमगढ़ी में संचालित चलित पशु चिकित्सा इकाई का निरीक्षण करते हुए डॉ. नेमा ने इकाई के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने दूरस्थ क्षेत्रों के पशुपालकों तक समय पर पशु चिकित्सा सेवाएं पहुंचाने तथा विभागीय योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत किए गए इस निरीक्षण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों एवं पशुधन के लिए उपलब्ध शासकीय सेवाओं की स्थिति का जायजा लेना और मैदानी स्तर पर व्यवस्थाओं को अधिक प्रभावी बनाना है।


## पाली एकेड्मिक इंस्टिट्यूशन बिसोनी
## तह. लांजी जिला - बालाघाट (म. प्र.)

**।। आवश्यकता है ।।**

राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा (म.प्र.) परिनीयम कोड - 28 के अन्तर्गत पाली एकेड्मिक इंस्टिट्यूशन बिसोनी, तह.- लॉजी, जिला - बालाघाट (म. प्र.) में बी.ए./ बी.एस.सी. पाठ्यक्रम हेतु सहायक प्राध्यापको की आवश्यकता है। आवेदक अपनी शैक्षणिक योग्यता / अनुभव सम्बन्धी समस्त प्रमाण पत्रों, बैंक पासबुक, आधार कार्ड, पेन कार्ड की छायाप्रति एवं तीन रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो सहित नियुक्ति हेतु निर्धारित तिथि में आवेदन पत्र महाविद्यालय में रजिस्टर्ड डाक द्वारा दिनांक 15/09/2026 तक जमा करे।

| क्र. | पद | | पद संख्या | न्यूनतम योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सहा. प्राध्यापक | गणित | 01 | सम्बंधित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि 55 प्रतिशत अंको के साथ एवं P.HD. या NET / SLET अनुभवी को प्राथमिकता |
| 2 | सहा. प्राध्यापक | भौतिक | 01 | |
| 3 | सहा. प्राध्यापक | रसायन | 01 | |
| 4 | सहा. प्राध्यापक | जीव विज्ञान | 01 | |
| 5 | सहा. प्राध्यापक | वनस्पति विज्ञान | 01 | |
| 6 | सहा. प्राध्यापक | हिन्दी | 01 | |
| 7 | सहा. प्राध्यापक | राजनीति | 01 | |
| 8 | सहा. प्राध्यापक | समाजशास्त्र | 01 | |
| 9 | सहा. प्राध्यापक | भूगोल | 01 | |
| 10 | सहा. प्राध्यापक | अंग्रेजी | 01 | |
| 11 | सहा. प्राध्यापक | कम्प्युटर | 01 | |
| 12 | सहा. प्राध्यापक | संगीत | 01 | |
| 13 | सहा. प्राध्यापक | फाईन आर्ट | 01 | |

नोट- उपरोक्त पदों के लिए यूजीसी के नियमो के आधार पर किया जायेगा। वेतनमान एवं आरक्षण में यूजीसी एवं म.प्र. शासन के नियमों का पालन किया जावेगा। आवेदन पत्र महाविद्यालय के संचालक के पते पर रजिस्टर्ड डाक द्वारा दिनांक 15.09.2026 तक जमा कर सकते है।

संचालक
पॉली एकेड्मिक इंस्टिट्यूशन बिसोनी
तह. लांजी, जिला बालाघाट म.प्र.
पिन कोड 481222
मो.नं 7805091361

मंडला जिले में हिन्दी दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हेमंत नायक
मो. 88273 19933



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# महाराजपुर में अवैध शराब का जाल, गली-गली बिक रही शराब, कार्रवाई के इंतजार में जनता..

जगप्रेरणा मंडला/महाराजपुर।

***जिले के उपनगर महाराजपुर में अवैध शराब बिक्री को लेकर स्थानीय लोगों में लगातार आक्रोश बढ़ता जा रहा है। नागरिकों का आरोप है***

कि मां नर्मदा तट से निर्धारित प्रतिबंधित दायरे में शराब बिक्री पर रोक के बावजूद नगर के कई हिस्सों में खुलेआम अवैध शराब का कारोबार संचालित हो रहा है। हालात ऐसे बताए जा रहे हैं कि कई गली-मोहल्लों में दिनदहाड़े शराब की बिक्री की चर्चा आम हो चुकी है, जिससे क्षेत्र का सामाजिक माहौल प्रभावित होने लगा है।




स्थानीय नागरिकों के अनुसार बजरंग चौराहा, मुख्य बाजार, विभिन्न वार्डों तथा संगम क्षेत्र के आसपास अवैध शराब बिक्री के कई ठिकाने सक्रिय हैं। लोगों का कहना है कि समय के साथ इनकी संख्या बढ़ती जा रही है और नए-नए स्थानों से भी शराब बिक्री की शिकायतें सामने आ रही हैं। इसके बावजूद संबंधित विभागों की ओर से प्रभावी कार्रवाई नजर नहीं आ रही है।

### शिकायतों के बाद भी कार्रवाई नहीं

नगरवासियों का आरोप है कि कई बार मौखिक एवं लिखित शिकायतें किए जाने के बावजूद आबकारी और पुलिस विभाग द्वारा अपेक्षित सख्ती नहीं बरती गई। लोगों का कहना है कि यदि नियमित जांच और छापामार कार्रवाई की जाए तो अवैध शराब के कारोबार पर काफी हद तक अंकुश लगाया जा सकता है। वर्तमान स्थिति को लेकर लोगों में प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं।

### युवा पीढ़ी पर बढ़ता खतरा..

स्थानीय लोगों का कहना है कि अवैध शराब की आसान उपलब्धता का सबसे अधिक दुष्प्रभाव युवाओं पर पड़ रहा है। अभिभावकों ने चिंता जताते हुए कहा कि नशे की बढ़ती प्रवृत्ति भविष्य में सामाजिक और पारिवारिक समस्याओं को जन्म दे सकती है। उनका मानना है कि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।

### नर्मदा तट पर नियमों के पालन पर उठे सवाल.

मां नर्मदा आस्था और श्रद्धा का प्रमुख केंद्र हैं। ऐसे में नर्मदा तट के आसपास शराब बिक्री को लेकर लागू नियमों और प्रतिबंधों के पालन को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। नागरिकों का कहना है कि यदि प्रतिबंधित क्षेत्र में शराब बिक्री की शिकायतें लगातार मिल रही हैं तो संबंधित विभागों को इसकी निष्पक्ष जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

### विशेष अभियान चलाने की मांग..

स्थानीय नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों ने जिला प्रशासन, पुलिस और आबकारी विभाग से महाराजपुर क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर अवैध शराब बिक्री की जांच कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि जहां भी नियमों का उल्लंघन मिले, वहां संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र में कानून का पालन सुनिश्चित हो सके।

### प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी निगाहें..

महाराजपुर में अवैध शराब बिक्री को लेकर लगातार उठ रहे सवालों के बीच अब लोगों की निगाहें प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं। नागरिकों को उम्मीद है कि संबंधित विभाग शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए निष्पक्ष जांच करेंगे और अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए ठोस कदम उठाएंगे।

## हनुमान मंदिर से चांदी का मुकुट चोरी, श्रद्धालुओं में आक्रोश..

# जिला पंचायत कार्यालय के सामने स्थित शेषनाग हनुमान मंदिर में वारदात..

### पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी..

जगप्रेरणा मंडला।

***जिला मुख्यालय स्थित जिला पंचायत कार्यालय के सामने बने शेषनाग हनुमान मंदिर में भगवान हनुमान की प्रतिमा पर स्थापित चांदी का मुकुट चोरी होने की***



घटना से श्रद्धालुओं में रोष व्याप्त है। घटना की सूचना मिलते ही मंडला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है तथा अज्ञात चोरों की तलाश में जुट गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चोरी की वारदात गुरुवार दिन या शाम के समय होने की आशंका है। शुक्रवार सुबह जब मंदिर का ताला खोला गया तो भगवान हनुमान की प्रतिमा पर लगा चांदी का मुकुट गायब मिला। मुकुट नहीं मिलने पर मंदिर समिति के सदस्यों और श्रद्धालुओं में हड़कंप मच गया। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए हैं। साथ ही आसपास के सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग खंगाली जा रही है, ताकि आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

### लगातार हो रही चोरियों से बढ़ी चिंता..

मंदिर में हुई इस चोरी की घटना ने जिले में धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। हाल के दिनों में महाराजपुर क्षेत्र के बजरंग चौराहा स्थित हनुमान मंदिर और संतोषी माता मंदिर से दानपेटियां चोरी होने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। वहीं, नावघाट स्थित परशुराम मंदिर में भी चोरी की वारदात हो चुकी है। इन मामलों का अब तक खुलासा नहीं होने से लोगों में नाराजगी बनी हुई है।

### सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग..

श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों का कहना है कि मंदिर केवल पूजा-अर्चना के स्थल नहीं, बल्कि लोगों की आस्था के प्रमुख केंद्र हैं। ऐसे धार्मिक स्थलों पर लगातार हो रही चोरी की घटनाएं धार्मिक भावनाओं को आहत कर रही हैं। लोगों ने पुलिस प्रशासन से प्रमुख मंदिरों में सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने, रात्रि गश्त सुदृढ़ करने तथा चोरी की घटनाओं में शामिल गिरोह का शीघ्र पर्दाफाश कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

# आदिवासी अंचल की रेल परियोजना को मिला नया राजनीतिक समर्थन..

### पुष्पराजगढ़ विधायक ने रेल मंत्री को पत्र लिखने का दिया आश्वासन, नर्मदा-विंध्य रेल कॉरिडोर की मांग को मिली मजबूती..

जगप्रेरणा मंडला।

***आदिवासी अंचल की बहुप्रतीक्षित पेंड्रा रोड-अमरकंटक-डिंडोरी-मंडला-घंसौर-लखनादौन-गोटेगांव (श्रीधाम) रेल परियोजना को नया राजनीतिक समर्थन मिलने के संकेत मिले हैं।***

लंबे समय से क्षेत्र की जनता और रेल समर्थकों द्वारा उठाई जा रही इस मांग को अब जनप्रतिनिधियों का सहयोग मिलने लगा है, जिससे परियोजना के भविष्य को लेकर उम्मीदें बढ़ गई हैं। स्वतंत्र रेल एक्टिविस्ट नितिन सोलंकी ने 3 अगस्त 2026 को पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को से दूरभाष पर चर्चा कर नर्मदा-विंध्य रेल कॉरिडोर की आवश्यकता, इसके ऐतिहासिक प्रयासों और वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि यह रेल परियोजना आदिवासी अंचल के सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक और पर्यटन विकास के साथ-साथ क्षेत्रीय संपर्क को नई दिशा दे सकती है।



चर्चा के दौरान बताया गया कि इस रेल लाइन की मांग वर्ष 1979-80 में तत्कालीन सांसद स्वर्गीय श्यामलाल धुर्वे ने पहली बार संसद में उठाई थी। इसके बाद पूर्व सांसद स्वर्गीय बसोरी सिंह मसराम तथा राज्यसभा सांसद फूलो देवी नेताम भी इस परियोजना को संसद में प्रमुखता से उठा चुके हैं।

रेल एक्टिविस्ट ने विधायक को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के 9 जुलाई 2026 के पत्र की जानकारी भी दी, जिसमें प्रस्ताव को जनहित एवं आर्थिक-सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण बताते हुए आगे की कार्रवाई के लिए अग्रसारित किए जाने का उल्लेख है। साथ ही बिलासपुर मुख्यालय और नागपुर मंडल स्तर पर भी परियोजना को लेकर सकारात्मक पहल होने की जानकारी साझा की गई।

नितिन सोलंकी ने विधायक मार्को से रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर परियोजना के फाइनल लोकेशन सर्वे (**FLS**) की शीघ्र स्वीकृति की मांग करने का आग्रह किया। विधायक ने इस मांग का समर्थन करते हुए रेल मंत्री को पत्र लिखने का आश्वासन दिया और परियोजना से जुड़े दस्तावेज उपलब्ध कराने को कहा। इसके बाद आवश्यक दस्तावेज उन्हें भेज दिए गए।

विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को ने कहा कि आदिवासी अंचल के विकास और क्षेत्रीय संपर्क को मजबूत बनाने के लिए यह रेल परियोजना बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस मांग को आगे बढ़ाने के लिए वे हरसंभव प्रयास करेंगे।

क्षेत्रीय नागरिकों और रेल विशेषज्ञों का मानना है कि यदि मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के जनप्रतिनिधियों का संयुक्त समर्थन इस परियोजना को मिलता है, तो नर्मदा-विंध्य रेल कॉरिडोर के **FLS** को मंजूरी मिलने की संभावना और मजबूत होगी। भविष्य में यह रेल लाइन आदिवासी अंचल को देश के प्रमुख रेल नेटवर्क से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण कड़ी साबित हो सकती है।

# निवास अस्पताल की बदहाल व्यवस्था पर जीजीपी का हमला, गंदगी, पेयजल संकट और मरीजों की परेशानी पर जताया आक्रोश..

### सुधार नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन की चेतावनी..

जगप्रेरणा निवास (मंडला)।

***जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) निवास की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं।***



गुरुवार को गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (जीजीपी) के ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम कुमरे के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में गंदगी, पेयजल की कमी, मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं में अव्यवस्था तथा अस्पताल प्रबंधन की कार्यशैली पर नाराजगी जताई गई।

जीजीपी कार्यकर्ताओं का आरोप है कि अस्पताल में लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद मरीजों को मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। वार्डों और परिसर में गंदगी के कारण संक्रमण फैलने की आशंका बनी हुई है। उनका कहना है कि नियमित साफ-सफाई नहीं होने से मरीजों और उनके परिजनों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही यह भी सवाल उठाया गया कि पर्याप्त स्टाफ होने के बावजूद अस्पताल की व्यवस्थाएं क्यों नहीं सुधर रही हैं।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि कुछ दिन पूर्व आम आदमी पार्टी द्वारा भी अस्पताल की अव्यवस्थाओं को लेकर विरोध दर्ज कराया गया था। उस समय बीएमओ ने एक सप्ताह के भीतर व्यवस्थाएं दुरुस्त करने का आश्वासन दिया था, लेकिन निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी हालात में कोई खास बदलाव नहीं दिखा। इससे क्षेत्रवासियों और मरीजों में अस्पताल प्रबंधन के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। जीजीपी ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया गया तो पार्टी सड़क पर उतरकर व्यापक जनआंदोलन करेगी। इसकी पूरी जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की होगी।

### प्रमुख मांगें..

अस्पताल परिसर में नियमित एवं प्रभावी साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए, मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था की जाए, मरीजों को बेहतर उपचार मिले तथा छोटी-छोटी बीमारियों में अनावश्यक रेफर करने की प्रवृत्ति पर रोक लगे, अस्पताल स्टाफ मरीजों और आम नागरिकों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करे, जनहित से जुड़े मुद्दों पर अस्पताल प्रबंधन तत्काल प्रभाव से कार्रवाई सुनिश्चित करे।

### बोले जीजीपी ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम कुमरे..

'सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, मरीजों को बेहतर इलाज, छोटी-छोटी बीमारियों में अनावश्यक रेफर करने की प्रवृत्ति पर रोक तथा कर्मचारियों के व्यवहार में सुधार आवश्यक है। यदि जिम्मेदार अधिकारियों ने इन मांगों पर गंभीरता से संज्ञान नहीं लिया तो गोंडवाना गणतंत्र पार्टी सड़क पर उतरकर वृहद आंदोलन करेगी, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।'

# पीएम श्री कन्या शाला में पुलिस-शिक्षा विभाग का 'सृजन संवाद', छात्राओं को साइबर सुरक्षा..

### कानून और करियर की दी जानकारी..

### दो दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम में थाना भ्रमण, हेल्पलाइन 112, पॉक्सो एक्ट, यातायात नियम और सोशल मीडिया सुरक्षा पर खुली चर्चा..

जगप्रेरणा महाराजपुर (मंडला)।

***पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महाराजपुर में 5 और 6 अगस्त को शिक्षा विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद'***








कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम में कक्षा 11 एवं 12 की छात्राओं को कानून के प्रति जागरूकता, अनुशासन, नैतिक मूल्यों, साइबर सुरक्षा, यातायात नियमों तथा सामाजिक जिम्मेदारियों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं के साथ ÷मैं, मेरे अधिकार और मेरी जिम्मेदारियां÷ विषय पर खुली चर्चा हुई। उन्हें हेल्पलाइन नंबर 112 के उपयोग, पॉक्सो एक्ट, थाना भ्रमण, साइबर अपराधों से बचाव, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, नशामुक्ति और पुलिस विभाग में करियर बनाने के अवसरों के बारे में विस्तार से बताया गया। पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी ने छात्राओं से अनुशासित जीवन अपनाने और अनावश्यक गतिविधियों से दूर रहकर शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जागरूक और जिम्मेदार युवा ही सुरक्षित एवं सशक्त समाज की नींव होते हैं।

कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा, उप पुलिस अधीक्षक सतीश चतुर्वेदी, एसडीओपी पीयूष मिश्रा, महिला थाना प्रभारी ममता परस्ते तथा महाराजपुर थाना प्रभारी जयसिंह यादव ने भी छात्राओं को विभिन्न कानूनी प्रावधानों, महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव और यातायात नियमों के पालन के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

शिक्षा विभाग की ओर से अधिकारियों ने नियमित अध्ययन, व्यक्तित्व विकास और सकारात्मक सोच को सफलता की कुंजी बताते हुए छात्राओं को लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। विकासखंड शिक्षा अधिकारी रंजीत गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के समग्र विकास और जागरूक नागरिक निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

वहीं विद्यालय की प्राचार्य विभा मिश्रा ने शिक्षा एवं पुलिस विभाग का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के जन-जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाने की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित रहीं।

# पंचायत के नोटिस भी बेअसर, हाइवे किनारे कचरे के ढेर से पिपरपानी में बीमारी का खतरा

### बार-बार शिकायत के बावजूद नहीं हुआ समाधान, दुर्गंध और मच्छरों से ग्रामीण परेशान..

जगप्रेरणा पिपरपानी (मंडला)।

***ग्राम पंचायत पिपरपानी में राष्ट्रीय राजमार्ग (हाइवे) किनारे फैली गंदगी ग्रामीणों के लिए गंभीर परेशानी का कारण बन गई है। सड़क किनारे लगातार घरेलू***



कचरा, शराब एवं बीयर की खाली बोतलें फेंके जाने से क्षेत्र का वातावरण दूषित हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने और पंचायत द्वारा नोटिस जारी किए जाने के बावजूद स्थिति में कोई खास सुधार नहीं हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार हाइवे किनारे खुले में कचरा फेंके जाने से पूरे क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है। जगह-जगह पड़े कचरे और खाली बोतलों के कारण न केवल आसपास की स्वच्छता प्रभावित हो रही है, बल्कि मच्छरों एवं अन्य कीटों का प्रकोप भी बढ़ गया है। लोगों का कहना है कि बरसात के मौसम में यह गंदगी संक्रामक बीमारियों को भी न्योता दे सकती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पंचायत की ओर से नोटिस जारी किए जाने के बाद भी कचरा फेंकने वालों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से समस्या लगातार बनी हुई है। इससे हाइवे से गुजरने वाले यात्रियों और आसपास रहने वाले लोगों को भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन तथा संबंधित विभागों से मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर हाइवे किनारे फैली गंदगी हटाने, नियमित साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने और कचरा फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो यह समस्या आने वाले दिनों में और गंभीर रूप ले सकती है।



विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा ग्रामीण
गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# जीवन में जो मिला सहर्ष स्वीकार कर निष्ठा से काम करते चले गए, मांगा कभी कुछ नही..

## गोंदिया जिले संहित देश की राजनीति में निष्ठा और कर्मठता की मिसाल बने सांसद राजेन्द्र जैन..

### जन्मदिवस पर विशेष..



आशीष वर्मा, संपादक जगप्रेरणा।

***सांसारिक जीवन में मनुष्य के रुप में जन्म लेने के उपरांत हजारों ऐसे लोग जीवन में मिल जाएंगे, जो कि बहुत जल्दी सबकुछ पा लेने की कोशिश और जद्दोजहद में कड़ी मेहनत और समर्पण का भाव भूल जाते हैं, यही कारण है कि ऐसे लोग जीवन में बहुत कुछ हासिल करने के उपरांत भी और पा लेने की चाहत में छटपटाते दिखाई देते हैं, लेकिन इसके विपरित जीवन में कुछ ही लोग ऐसे होते हैं, जो कि***

यह सुनिश्चित नहीं करते कि उन्हें क्या चाहिये, बल्कि वे सुनिश्चित करते हैं कि जो जवाबदारियां अवसर के रुप में प्राप्त हुई है, उसे किस तरह से बेहतर तरीके से पूर्ण करना है। जब व्यक्ति पूरी ईमानदारी से अपने फर्ज को निभाने की कोशिशों में अपने आपको मशगुल कर देता है, तो फिर ऐसे प्रयासों में गलतियां होने की गुंजाईश जहां नहीं रहती, बल्कि कार्य की प्रामाणिकता सिद्ध होती चली जाती है, और इसी का परिणाम है कि गोंदिया जिले की राजनीति में अपने सिर्फ एक विशेष गुण के कारण ही कल के एक साधारण नौजवान से लेकर आज राज्यसभा के सांसद के पद पर पहुंचने तक का सफर सांसद राजेन्द्र जैन ने तय किया है। आज के दौर में श्री जैन के व्यक्तित्व का यह गुण सभी को सीखने की आवश्यकता है, क्योंकि यदि यह गुण किसी व्यक्ति के अंदर जब विद्यमान हो जाता है, तो फिर परिस्थितियों और कुटनीतिक चालों की भी क्या मजाल, की कोई ईमानदारी और समर्पण को शिकस्त देने में कामयाब भी हो सके।

### प्रफुल भाई के हर निर्देश का..

यहां उल्लेखनीय है कि प्रफुल पटेल सांसद, केन्द्रिय मंत्री, राज्यसभा सदस्य के साथ साथ राष्ट्रीय राजनीति में स्थापित होते चले गए, लेकिन जबकि प्रफुल पटेल राज्य और केन्द्र की राजनीति में व्यस्त रहे, क्षेत्र की जवाबदारीयां, विकास के काम, पार्टी स्तर के कार्य हों या गोंदिया एजुकेशन सोसायटी के दायित्व पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन वर्षों से बखूबी निभाते नजर आते हैं, और यहां माना जा सकता है कि जिस तरह से प्रफुल पटेल के दिशा निर्देश रहे, उनका अक्षरशः पालन करने का काम पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन ने बीते वर्षों में कदम कदम पर कर दिखाया है।

### संक्षिप्त जीवन परिचय..

गौरतलब है कि सांसद राजेन्द्र जैन का जन्म 8 अगस्त 1960 को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पिता हीरालाल जी जैन एवं माताजी श्रीमती रतनबाई के दो पुत्रों में ज्येष्ठ सुपुत्र के रुप में हुआ था। उनके परिवार में छोटे भाई नरेश जैन हैं, वहीं बड़ी बहन श्रीमती सुशीला देवी है। पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन की प्रारंभिक शिक्षा गोंदिया में मनोहरभाई पटेल म्यूनिसिपल स्कूल में हुई, वहीं उसके बाद एनएमडी कॉलेज से उन्होंने बीकॉम तक शिक्षा ग्रहण की। पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन का विवाह श्रीमती सुनिता जैन से हुआ, तथा उनके परिवार में दो बेटिया नेहा और डाली हैं, वहीं एक पुत्र निखिल जैन हैं जो कि वर्तमान में गोंदिया शिक्षण संस्था में संचालक का दायित्व निभा रहे हैं।

### छात्र जीवन मे ही जुड़ गए प्रफुल पटेल से..

गौरतलब है कि छात्र जीवन में ही पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन का वर्तमान सांसद प्रफुल पटेल से लगाव हो गया था, और यह लगाव कुछ ऐसा रहा जो कि बीते 48 वर्षों से अनवरत तटस्थ बना हुआ है। जब पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन सांसद प्रफुल पटेल से जुड़े थे, तब स्व. मनोहरभाई पटेल के सपनों को साकार करने के लिये प्रफुल पटेल ने राजनीतिक क्षेत्र में कदम रखा था। उस दौर में जबकि जब एक पार्षद का चुनाव जीतकर प्रफुल पटेल साथी पार्षदों के समर्थन से गोंदिया नगर परिषद के अध्यक्ष बने, तब से लेकर उसके बाद जबकि प्रफुल पटेल ने गोरेगांव विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा, और कांग्रेस उमीदवार के रुप में गोंदिया भंडारा तथा चिमुर लोकसभा क्षेत्र से भी चुनाव लड़ा। हर चुनाव में हर कदम पर 1977 से लगातार पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन सांसद प्रफुल पटेल के साथ नजर आते हैं, और इतने वर्षों का लंबा साथ जिसमें अनेक उतार चढ़ाव भी आए, तो वहीं अनेक प्रयास प्रफुल पटेल से अलग करने के राजनीतिक कूटनीतिज्ञों ने भरसक किये, लेकिन पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन का प्रफुल पटेल एवं प्रफुल पटेल का विश्वास भी राजेन्द्र जैन पर ऐसा बना रहा, जहां पर रिश्तों की गहराई को समझा जाए तो दोनों की जोड़ी राम लक्ष्मण की तरह नजर आती है, जहां श्रीमती वर्षा प्रफुल पटेल का भी आशीर्वाद लक्ष्मण रुपी देवर की तरह पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन के साथ नजर आता है।

### जब विधान परिषद चुनाव लड़ने किया सांसद पटेल ने प्रेरित..

गौरतलब है कि सांसद प्रफुल पटेल से जुड़कर समर्पित होकर पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन कार्य करते रहे, लेकिन जीवन का यह सबसे बड़ा सौभाग्य और समर्पण का प्रतिफल कहा जा सकता है कि उन्होंने कभी कोई जिमेदारी अपने नेता से मांगी नहीं। प्रफुल पटेल ने हर बार खुद पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन के लिये जिमेदारी तय की। एक तरफ जहां गोंदिया एजुकेशन सोसायटी में सचिव के रुप में महत्वपूर्ण जिमेदारी के लिये उनका चयन सांसद प्रफुल पटेल एवं वर्षा पटेल ने किया, वहीं जबकि 2004 में विधान परिषद के चुनाव हुए, तब विधान परिषद चुनाव लड़ने के लिये सांसद प्रफुल पटेल ने ही राजेन्द्र जैन को चयनित किया। सांसद प्रफुल पटेल के कुशल मार्गदर्शन में महाराष्ट्र विधान परिषद में चुनाव जीतकर राजेन्द्र जैन पहुंचे वहीं दूसरी बार फिर 2010 में राजेन्द्र जैन विधान परिषद में सदस्य बने और 2016 तक पदासीन रहे। हांलांकि 2016 के चुनाव में फिर विधान परिषद का चुनाव परिणय फुके से राजेन्द्र जैन हार गए, लेकिन सहकारिता में मजबूत पकड़ रखते हुए पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन मध्यवर्ती सहकारी बैंक के अध्यक्ष भी बने, तथा एक बार फिर सहकारी बैंक अध्यक्ष का चुनाव जीतकर हाल ही में पुनः पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन सहकारिता के सिकंदर भी साबित हुए।


### और जब अप्रत्याशित रुप से सांसद के लिये मिला सांसद प्रफुल पटेल का आशीर्वाद..

गौरतलब है कि हाल ही में विधान परिषद चुनाव संपन्न हुए, जिसमें महायुति की ओर से राजेन्द्र जैन को उम्मीदवार बनाये जाने की चाहत राष्ट्रवादी कार्यकर्ताओं और खुद सांसद प्रफुल पटेल की थी, लेकिन गठबंधन में यह सीट भाजपा के कोटे में होने के चलते श्री जैन को अवसर प्राप्त नहीं हो पाया। इस स्थिति में भी राजेन्द्र जैन सहर्ष महायुति उम्मीदवार को विजयी बनाने अपना योगदान देने में मशगुल रहे, लेकिन सांसद पटेल के मन में राजेन्द्र जैन को बड़ी जवाबदारी देने की चाहत मन में थी, जिसके चलते जब सुनेत्रा पवार की राज्यसभा सीट उनके उप मुख्यमंत्री बनने पर रिक्त हुई, तब सांसद प्रफुल पटेल ने राष्ट्रवादी कांग्रेस कोटे से राजेन्द्र जैन के नाम को प्रस्तावित किया, और सुनेत्रा ताई पवार संहित सभी वरिष्ठों की सहमति भी प्राप्त हो गई, तब इस बात की जानकारी सांसद प्रफुल पटेल ने पहले वर्षा पटेल को दी, और फिर राजेन्द्र जैन से नामांकन फॉर्म की औपचारिकताएं पूर्ण करने के लिये निर्देशित किया। इस तरह राजेन्द्र जैन दो बार विधान परिषद के बाद अब राज्यसभा में भी सांसद के रुप में गोंदिया जिले के विकास को आगे बढ़ाने अपना योगदान देने निकल पड़े हैं। सांसद राजेन्द्र जैन अपनी नई जवाबदारियों को भी बखूबी निभाएं, और वे सांसद प्रफुल पटेल के हमकदम छोटे भाई की तरह ही निष्ठावान रुप में कार्य करते हुए गोंदिया के विकास को हवा की रफ्तार प्रदान करें, जगप्रेरणा परिवार यही शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ्य, दीर्घायु, यशस्वी जीवन की कामना करता है।

---

राज्यसभा मे राईस मिलर्स के हितो पर सरकार के ध्यानाकर्षण हेतु

# राईस मिलर्स ने जताया सांसद प्रफुल पटेल एवं सांसद राजेन्द्र जैन का आभार..





जगप्रेरणा गोंदिया।

***वर्तमान राज्यसभा अधिवेशन में केंद्र शासन द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के विकास एवं इन उद्योगों की सुरक्षा हेतु विधेयक प्रस्तुत किया गया है। इसके समर्थन में क्षेत्र के नेता राज्यसभा सांसद राजेंद्र जैन ने इस विषय को समझते हुए कि गोंदिया भंडारा संहित समूचे मध्यभारत में***

वर्तमान परिस्थितियों में राईस उद्योग विषम परिस्थितियों से जुझ रहा है, जिसके चलते चावल उद्योगों को सरकार के संरक्षण एवं सहयोग की आवश्यकता के संदर्भ में सांसद राजेन्द्र जैन ने सरकार का ध्यान आकर्षित कराया, और उद्गार व्यक्त किए। सांसद प्रफुल पटेल के मार्गदर्शन में सांसद राजेन्द्र जैन के इन प्रयासों से राईस उद्योगों को यह उम्मीद बंधी है कि निश्चित ही सरकार की ओर से राईस उद्योग के विकास हेतु अवश्य सहयोग प्रदान किया जायेगा, तथा सांसद राजेन्द्र जैन ने राईस मिलर्स के मर्म को समझा और राज्यसभा में विषय पर सरकार का ध्यानाकर्षण कराया, जिसके लिये गोंदिया जिला राइस मिलर्स एसोसिएशन ने सांसद प्रफुल पटेल एवं सांसद राजेंद्र जैन का हार्दिक अभिनंदन करते हुए आभार व्यक्त किया है।

जगप्रेरणा से चर्चा में राईस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक सी. अग्रवाल ने कहा कि हम अपेक्षा करते हैं कि इसी तरह भविष्य में भी हमारे देश, राज्य तथा जिले के साथ-साथ हमारे चावल उद्योगों के हित तथा संरक्षण हेतु नीतियां बनाने में माननीय सांसद प्रफुल भाई पटेल एवं सांसद राजेन्द्र जैन का सहयोग अवश्य प्राप्त होगा। श्री अग्रवाल ने कहा कि शीघ्र ही उनका प्रतिनिधिमंडल सांसद प्रफुल पटेल एवं सांसद राजेन्द्र जैन के समक्ष उपस्थिति होकर अपनी समस्याओं पर ध्यानाकर्षण करायेगा।

---

## व्हाटसअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

**बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।**

---

## गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

### अज्ञात चोर ने फैक्ट्री में घुसकर उडाया लैपटॉप, मोबाईल, नगदी, मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।** गांदिया जिले के शहर पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार गोंदिया के संजय नगर मुर्री मे फर्यादी खानचंद सनमुखदास भावनानी उम्र 63 वर्ष निवासी गोंदिया की फैक्ट्री होकर दिनांक 4/8/2026 की रात अज्ञात चोर ने फैक्टरी मे प्रवेश कर ऑफिस से लेनोवा कंपनी का लॅपटाप, `प्पल कंपनी के 2 मोबाईल, नगदी 15 हजार कुल 43 हजार रुपये का माल चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे गोंदिया शहर मे अपराध क्रमांक 610/2026 धारा 305,331,4, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा टेंभरे पोस्टे गोंदिया शहर कर रहे है।

### झाड काटने की बात पर दो भाईयो में हुई मारपीट, मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।** गोंदिया जिले के रामनगर पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 5/8/2026 के रात 8 बजे के दरम्यान ढाकणी मे फर्यादी गणपत गोविंद मस्करे उम्र 42 वर्ष निवासी ढाकणी और आरोपी दोनो सगे भाई होकर घटना के दिन फर्यादी अपने घर पर था। उसी समय मा ने बताई की खेत का झाड तेरा भाई काट रहा है, इस बात पर आरोपी अपने बेटे के साथ आया और फर्यादी से बोला मैने कब तुम्हारे खेत का झाड काटा बोलकर सिमेंट के तुकडे से मारपीट की, और गालीगलोच कर जान से मारने की धमकी देने से दिये शिकायत पर पोस्टे रामनगर मे अपराध क्रमांक 461/2026 धारा 118,2,352,351,2, भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा दामोधर कुंजाम पोस्टे रामनगर कर रहे है।

### स्कार्पियो के चपेट में आने से स्कूली छात्रा हुई जख्मी, मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।** गोंदिया जिले के गोरेगाव पुलिस थाना अंतर्गत वाहन अपघात का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 4/8/2026 के दोपहर 4 बजे के दरम्यान हिरडामाली मे हुलेश तेजलाल पटले उम्र 44 वर्ष निवासी हिरडामाली की बेटी भार्गवी सायकल से माउन्ट कान्वेंट गोरेगाव से अपने घर वापस आ रही थे। आते समय वह अपने साईड मे खडी थी, उसी समय पिछे से आई स्कार्पियो के वाहन चालक ने अपना वाहन लापरवाहीसे चलाकर सायकल को टक्कर मारकर भार्गवी को जख्मी करने से दिये शिकायत पर पोस्टे 532/2026 धारा 281,125, अ, भान्यास 2023 सहकल म 184, मोवाका के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा मरसकोल्हे पोलीस स्टेशन गोरेगाव कर रहे है।

### सार्वजनिक रोड पर गालीगलौच करने से हुआ 4 लोगो पर मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।** गोंदिया जिले के तिरोडा पुलिस थाना अंतर्गत सार्वजनिक रोड पर गालीगलोच करने का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 6/8/2026 के दोपहर 2 बजे के दरम्यान तिरोडा मे चार लोग आपस मे मारपीट कर गालीगलोच कर रहे थे। फर्यादी उनको समझाया ये सार्वजनिक रोड है यहा गालीगलोच मत करो इसके बाद भी चारो लोग के नही सुनने से दिये शिकायत पर पोस्टे तिरोडा मे अपराध क्रमांक 755/2026 धारा 194, भानासुस 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा सुनिल नामुर्ते पोलीस स्टेशन तिरोडा कर रहे है।

---

# गोंदिया पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 2 बैट्री चोरों और चोरी का सामान खरीदने वाले कबाड़ी को किया गिरफ्तार..

### 37 हजार रुपये मूल्य की 7 बैट्रियां बरामद..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया जिला पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे के निर्देश पर स्थानिक अपराध शाखा (एलसीबी) की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बैट्री चोरी के मामले का खुलासा किया है।***

पुलिस ने चोरी को अंजाम देने वाले दो आरोपियों के साथ-साथ चोरी का सामान खरीदने वाले कबाड़ी दुकान संचालक को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से कुल 37,000 रुपये मूल्य की 7 बैट्रियां जब्त की गई हैं। मामले के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार डोंगरगांव निवासी फरियादी कामेन्द्र खेमराज मेंढे ने सालेकसा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी। 2 और 3 अगस्त की दरमियानी रात सावली स्थित सलोनी पेट्रोल पंप के पास खड़े 3 ट्रक और 1 ट्रैक्टर से अज्ञात चोरों ने 7 बैट्रियां पार कर दी थीं। इस शिकायत के आधार पर सालेकसा पुलिस ने अपराध क्रमांक 376/26, भारतीय न्याय संहिता (क्चहस्) की धारा 303 (2) के तहत मामला दर्ज किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस निरीक्षक रेवचंद सिंगनजुडे के मार्गदर्शन में एलसीबी की टीम जांच में जुटी थी। 7 अगस्त को गुप्त सूचना के आधार पर छोटा गोंदिया निवासी आतिश शंकर रहांगडाले (31) और ऋत्विक बस्तीराम कंटकार (25) को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने कबूला कि उन्होंने किराए का वाहन चलाकर सावली के पास से बैट्रियां चोरी की थीं। इसके बाद उन्होंने चोरी की बैट्रियां प्रिंस चौक, फुलचूर स्थित कबाड़ी दुकान संचालक कैलाश संजय चौधरी (35) को बेच दी थीं। पुलिस ने कबाड़ी की दुकान पर छापा मारकर अमारॉन कंपनी की 4 बैट्रियां अनुमानित कीमत 22,000 रुपये तथा पावरजोन कंपनी की 1 बैट्री अनुमानित कीमत 6,000 रुपये तथा बिना स्टीकर की 1 बैट्री अनुमानित कीमत 4,000 रुपये, इसी प्रकार एस.एफ कंपनी की 1 बैट्री अनुमानित कीमत 5,000 रुपये मिलाकर कुल 37,000 रुपये मूल्य की 7 बैट्रियां जब्त की है। तीनों आरोपियों को माल समेत आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए सालेकसा पुलिस स्टेशन के हवाले कर दिया गया है।

### इनका रहा सराहनीय योगदान..

यह कार्रवाई गोंदिया पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, अपर पुलिस अधीक्षक अभय डोंगरे और एलसीबी प्रभारी रेवचंद सिंगनजुडे के मार्गदर्शन में पुलिस हवलदार सुबोधकुमार बिसेन, विठ्ठल ठाकरे, दीक्षितकुमार दमाहे, संजय चौहान तथा पुलिस सिपाही हंसराज भंडारकर, छगन विठ्ठले और चालक राम खंदारे की टीम द्वारा की गई।

---

मध्याह्न भोजन योजना में शासकीय व निजी स्कूलों में

# घटिया पोषण आहार की सप्लाई पर कांग्रेस ने की एफआईआर करने की मांग

### पूर्व विधायक दिलीप बंसोड ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में लगाए आरोप.. दिखाए घटिया पोषण आहार..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया जिले के शासकीय, जिला परिषद (जि.प.), अर्ध-शासकीय और अनुदान प्राप्त निजी स्कूलों में मध्याह्न भोजन (पोषण आहार) योजना के तहत छात्रों को घटिया एवं अखाद्य गुणवत्ता की सामग्री आपूर्ति किए जाने का एक गंभीर मामला सामने आया है।***

प्राप्त जानकारी के अनुसार, महाराष्ट्र शासन द्वारा चलाई जा रही पोषण आहार योजना के अंतर्गत स्कूलों में राशन सामग्री आपूर्ति करने का ठेका (कांट्रैक्ट) 'श्री हरी राइस मिल' नामक कंपनी को दिया गया है। कंपनी द्वारा जुलाई और अगस्त माह का राशन कोटा एक साथ स्कूलों में भेजा गया, जिसमें चावल, चना, तुअर दाल, मटकी, मूंग दाल, वटाना (मटर) और चवली दाना जैसी सामग्रियां शामिल हैं।

### जांच में अखाद्य पाई गई सामग्री

जब जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने प्रत्यक्ष रूप से स्कूलों में जाकर इस भोजन सामग्री का निरीक्षण किया, तो पाया गया कि आपूर्ति की गई सभी सामग्रियां अत्यधिक निकृष्ट दर्जा (घटिया गुणवत्ता) की हैं और बच्चों के खाने योग्य बिल्कुल नहीं हैं। इस संबंध में अधिकारियों को अवगत कराने हेतु सामग्री के नमूने (सैंपल) सीधे जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (ष्टश्वह्र) को सौंपे गए। चर्चा के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने स्वयं यह स्वीकार किया कि आपूर्ति की गई सामग्री खाने योग्य नहीं है। इसके पश्चात ह्यड्डद्बश्चद्यद्गह्य को जांच हेतु नमूना लेखाधिकारी श्री प्रवीण वैद्य के पास भेज दिया गया है।

### छात्रों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ पर कड़ी कार्रवाई की मांग

प्रतिनिधिमंडल ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह अत्यंत गंभीर मामला है, जो सीधे तौर पर स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करता है। ऐसा प्रतीत होता है कि शासन या संबंधित विभागीय अधिकारियों का ठेकेदार पर कोई नियंत्रण नहीं है।

### प्रमुख मांगे..

बच्चों के स्वास्थ्य से जुड़े इस गंभीर मुद्दे पर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए। घटिया सामग्री आपूर्ति करने वाले ठेकेदार (श्री हरी राइस मिल) का सप्लाई ऑर्डर (पुरवठा आदेश) तुरंत रद्द किया जाए। अखाद्य और निकृष्ट दर्जे का अनाज/सामग्री देने के कारण संबंधित ठेकेदार के खिलाफ तुरंत एफआईआर (स्न.ढ्ढ.क्र) दर्ज की जाए। इस पत्रपरिषद मे सौ. वंदना काळे, एड, योगेश अग्रवाल, शिव नागपुरे, पप्पु पटले, लक्ष्मीनारायण दुबे व अन्य उपस्थित थे।

---

**- सूचना -**

**यदि आपको प्रतिदिन दैनिक जगप्रेरणा समाचार पत्र नही मिल रहा हो तो कृपया दिनेश उके से मोबाईल नंबर 9860558902 पर संपर्क करें।**












# सांसद राजेन्द्र जैन का जन्मदिवस आज, शुभेच्छाएं स्वीकार करने रहेंगे उपस्थित..



## राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी द्वारा विभिन्न सेवाकार्यों के भी किये जा रहे आयोजन..

जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया भंडारा जिले के नेता सांसद प्रफुल पटेल के छोटे भाई के रुप में सम्मान प्राप्त करने वाले नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद राजेन्द्र जैन का आज 08 अगस्त को जन्मदिन है। इस अवसर पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी द्वारा संपूर्ण जिले में अनेक सेवाकार्यों के आयोजन किये जा रहे हैं।*

सांसद राजेन्द्र जैन के आज 08 अगस्त के कार्यक्रमों के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार सांसद श्री जैन सर्वप्रथम प्रतिदिन की तरह आज सुबह माताजी का आशीर्वाद प्राप्त कर सर्वप्रथम श्रीकृष्ण गौरक्षण सभा गौशाला पहुंचेंगे, यहां पर गौ माताओं को चारा खिलाने एवं भगवान श्री कृष्ण की पूजा के उपरांत सिविल लाईन स्थित हनुमान मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना करेंगे, तथा इसके उपरांत स्थानीय दिगम्बर जैन मंदिर में पूजा अर्चना करने के उपरांत एनएमडी कॉलेज के सभागार में पहुंचेंगे, जहां पर वे शुभकामनाएं स्वीकार करने के लिये उपस्थित रहेंगे। गौरतलब है कि सांसद राजेन्द्र जैन के जन्मदिन के अवसर पर आज राष्ट्रवादी कॉंग्रेस पार्टी तथा मित्र परिवारों की ओर से गोंदिया शहर व जिले में अनेक स्थानों पर रक्तदान शिबीर, वृक्षारोपण, फलवितरण, शालेय विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया जायेगा, तथा विविध कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।








स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com